दैनिक
# मिशन नेशनल न्यूज
Mission of Truth
TITLE CODE.: UTTHIN05386
हिन्दी अखबार
प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद
वेबसाईट पढ़े : www.missionnationalnews.com
वर्ष-3 अंक-06 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये
हरिद्वार, सोमवार, 06 जनवरी 2025

# पीएम मोदी ने दी 12,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली और एनसीआर के लिए 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और जनकल्याण को बढ़ावा देना है।

परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम से पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कि दिल्ली-एनसीआर के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। नमो भारत ट्रेन पहली बार राजधानी में प्रवेश करेगी। साथ ही दिल्ली मेट्रो के विस्तार सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा।



ये हैं मुख्य परियोजनाएं-

साहिबाबाद-न्यू अशोक नगर नमो भारत कॉरिडोर : प्रधानमंत्री ने 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के इस खंड का उद्घाटन किया, जिसकी लागत लगभग 4,600 करोड़ रुपये है।

दिल्ली मेट्रो का विस्तार : जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच 3 किलोमीटर लंबे रेलखंड का उद्घाटन किया गया। इस परियोजना पर लगभग 1,200 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

रिठाला-कुंडली रेलखंड : पीएम मोदी ने 26 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड और रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखी।

इससे पहले, 3 जनवरी को प्रधानमंत्री ने 1,675 नवनिर्मित फ्लैटों का उद्घाटन किया था, जिन्हें झुग्गी-झोपड़ी के निवासियों के पुनर्वास के लिए तैयार किया गया है।

अब चूंकि दिल्ली में आगामी फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन परियोजनाओं को चुनाव से पहले पीएम मोदी की राजधानी के प्रति प्रतिबद्धता और विकास को प्राथमिकता देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी है, कि दिल्ली को चौतरफा विकास और जनकल्याण को समर्पित सरकार चाहिए। हमारा लक्ष्य राजधानी की कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना है। इन परियोजनाओं के उद्घाटन से दिल्ली और एनसीआर के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक सुविधाएं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार का लाभ मिलेगा। यह कदम न केवल राजधानी के विकास को गति देगा, बल्कि आगामी चुनावों में भाजपा के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने का भी काम करेगा।

## पत्रकारों को सीएम की बड़ी घोषणा

### पत्रकारों के लिए नई योजनाएं मुख्यमंत्री ने किया बड़े कदमों का ऐलान



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए उनके हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रेस प्रतिनिधियों को समाचार संकलन के लिए हर संभव सहायता दी जा रही है। इसके तहत पत्रकार कल्याण कोष के कॉरपस फंड की धनराशि में 2 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है, जिसे अब शीघ्र ही 10 करोड़ रुपए कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के लिए समूह बीमा योजना शुरू करने और दूरदराज से आने वाले मीडियाकर्मियों के लिए ठहरने और कार्य करने की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम और उत्तराखंड राज्य आंदोलन में मीडिया ने अहम भूमिका निभाई है।मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए बड़े कदमों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्यों में राज्य को देश में पहला स्थान मिला है और बेरोजगारी दर 4.4 प्रतिशत तक कम की गई है। निवेश के मामले में भी उत्तराखंड हिमालयी राज्यों में अग्रणी बना हुआ है।

## दिल्ली रैली के बाद केजरीवाल का बीजेपी पर पलटवार: कहा- प्रधानमंत्री ने 29 मिनट दिल्लीवालों को गालियां दीं

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिल्ली रैली के बाद आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण का अधिकांश समय दिल्ली की जनता और सरकार को गालियां देने में बिताया। केजरीवाल ने कहा- प्रधानमंत्री जी आज 38 मिनट बोले, जिनमें से 29 मिनट तो दिल्लीवालों को गालियां दीं। यह दिल्ली की जनता का अपमान है।

पूर्व सीएम केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर दिल्ली के विकास में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा- बीजेपी सरकार ने कई योजनाओं को रोक दिया है। उन्होंने कहा, मोहल्ला क्लिनिक, सीसीटीवी प्रोजेक्ट और दिल्ली का मास्टर प्लान जैसी कई योजनाएं केंद्र ने रोकीं। 2020 में प्रधानमंत्री ने दिल्ली के किसानों को मालिकाना हक देने का वादा किया था, लेकिन वह अब तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के देहाती इलाकों के किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं, जिससे वे परेशान हैं।



इसी के साथ केजरीवाल ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में जितना विकास किया है, उतना बीजेपी की डबल इंजन सरकारें भी नहीं कर पाई हैं।

हालांकि, केजरीवाल ने रैपिड रेल और नई मेट्रो लाइन परियोजनाओं का स्वागत करते हुए इसे केंद्र और दिल्ली सरकार का साझा प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास के लिए दोनों सरकारों को साथ मिलकर काम करना चाहिए।

केजरीवाल ने पीएम मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, कि आप हमें गालियां दे लीजिए, लेकिन दिल्ली का विकास रुकने मत दीजिए। दिल्ली की जनता इसका जवाब चुनाव में देगी।

## नमो भारत ट्रेन में पीएम ने किया सफर : दिल्ली से मेरठ साउथ का लग्जरी सफर सिर्फ 150 रुपए में

**नई दिल्ली,**



पीएम नरेंद्री मोदी ने दिल्ली के न्यू अशोकनगर स्टेशन से साहिबाबाद के बीच नमो भारत ट्रेन कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इसे ट्रेन से दिल्ली से मेरठ साउथ तक का सफर महज 40 मिनट में तय हो जाएगा और इस लग्जरी सफर का किराया 150 रुपये रखा गया है। अब हर रोज इस रूट पर अप-डाउन करने वाले लाखों यात्री लग्जरी और सुपर स्पीड वाली यात्रा का आनंद ले सकेंगे।

पीएम नरेंद्रग मोदी ने रविवार को साहिबाबाद स्टेशन से न्यू अशोकनगर स्टेशन तक का सफर रैपिड ट्रेन के जरिए किया। इस दौरान पीएम मोदी ने बच्चों से बात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने दिल्ली को पहली बार नमो भारत कनेक्टिविटी देते हुए साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इस कनेक्टिविटी के जरिए दिल्ली-मेरठ जाने वाले यात्री महज 40 मिनट में अपनी यात्रा पूरी करेंगे। बता दें कि अभी तक साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 42 किलोमीटर का मार्ग चालू है, जिसमें 9 स्टेशन शामिल हैं। वहीं नए 13 किलोमीटर लंबा नया सेक्शन जुड़ने से इस रूट पर दो स्टेशन और बढ़कर 11 हो जाएंगे।

नमो भारत रैपिड ट्रेन के विस्तार में अब नए फेज में दो स्टेशन और जुड़ रहे हैं। इनमें से एक 6 किलोमीटर का अंडर ग्राउंड मार्ग भी शामिल है। बता दें कि यह पहली बार है, जब नमो भारत ट्रेन भूमिगत मार्ग पर चलेगी जिसका किराया न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक का किराया सामान्य कोच के लिए 150 रुपए है, जबकि प्रीमियम कोच के लिए यात्रियों को 225 रुपए खर्च करने होंगे। रविवार शाम 5 बजे से यात्रियों के लिए इस रूट पर नमो भारत ट्रेनें हर 15 मिनट के बाद उपलब्ध होंगी।

नमो भारत रैपिड रेल परियोजना को पीएम गति शक्ति सेंट्रल मास्टर प्लान के साथ जोड़ा गया है, जिसका उद्देश्य लोगों की यात्रा को सुरक्षित व सुविधाजनक बनाना है। अन्य ट्रेनों की तुलना में ये नमो भारत ट्रेन कितनी अलग हैं, तो इसका अंदाजा इसमें मिलने वाली सुविधाओं को देखकर ही लगाया जा सकता है। नमो भारत में महिलाओं, बुजुर्गों और विकलांग यात्रियों के लिए आरक्षित सीटें होने के अलावा खासतौर पर हर ट्रेन में महिलाओं के लिए आरक्षित एक कोच भी शामिल है।

## यूपी-बिहार में ठंड ने ली दस लोगों की जान, जम्मू-हिमाचल में बर्फबारी जारी

### देश 14 राज्यों में घना कोहरा, दिल्ली में विजिबिलिटी जीरो हुई

**नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी जारी है जिससे पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में ठंड से 8 लोग और बिहार में 2 लोगों को जान गंवानी पड़ी। देश 14 राज्यों में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा छाया रहा। दिल्ली में शनिवार को 9 घंटे तक विजिबिलिटी जीरो दर्ज की गई।

बता दें कोहरे के कारण 3 और 4 जनवरी को दिल्ली में 800 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। रविवार सुबह भी 114 फ्लाइट तय समय पर उड़ान नहीं भर सकीं। 3 दिनों में 900 से ज्यादा फ्लाइट्स प्रभावित हुईं हैं। वहीं राजस्थान और मध्य प्रदेश में ठंड से फिलहाल राहत है। राजस्थान के कुछ जिलों में रविवार को बारिश हो सकती है। वहीं, मध्यप्रदेश में दो दिन बाद सर्दी बढ़ सकती है। कई जिलों में तापमान 2 से 3 डिग्री गिर सकता है।

मौसम विभाग ने कश्मीर और चिनाब घाटी में भारी बर्फबारी का अनुमान जताया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के भी 7 जिलों में भारी बर्फबारी हो सकती है।



6 जनवरी को 14 राज्यों में कोहरा, हिमाचल में बर्फबारी की संभावना है। कोल्ड डे की स्थिति भी बनी रहेगी। हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में बिजली गिरने और तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में कोहरा छाया रहेगा।

वहीं 7 जनवरी को तीन राज्यों में बर्फबारी, राजस्थान में बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश में तापमान में गिरावट आएगी। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार, पंजाब, हरियाणा में कोहरा छाया रहेगा। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी होगी। 8 जनवरी को तमिलनाडु-पुडुचेरी में बारिश होग सकती है। उत्तर भारत के राज्यों में कोहरा छाया रहेगा। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी ने छात्रों को बताया कांग्रेस और भाजपा की नीतियों में अंतर

**चैन्नई**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आईआईटी मद्रास में छात्रों के साथ संवाद करते हुए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की विचारधाराओं और नीतियों के महत्वपूर्ण अंतर को समझाया। उन्होंने विकास, सामाजिक समरसता, और शिक्षा के मुद्दों पर कांग्रेस की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए छात्रों से बात भी की।

कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस के समावेशी विकास के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। यहां पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता संसाधनों का समान वितरण और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने से देश में एकता और संतुलित विकास सुनिश्चित होता है।

वहीं बीजेपी की नीतियों पर बात करते हुए राहुल गांधी ने उनकी ट्रिकल-डाउन आर्थिक नीति पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह मॉडल अमीरों को अधिक अमीर और गरीबों को और अधिक कमजोर बनाता है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की नीतियां समाज के कुछ वर्गों को लाभ पहुंचाने तक सीमित हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सामाजिक समरसता देश की स्थिरता और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियां भाईचारे और एकता को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने दावा किया कि सामाजिक असमानता को दूर करने से देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार आएगा।

### पोरबंदर में एडवांस हेलिकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत, प्रशिक्षण उड़ान पर था



**पोरबंदर**

गुजरात के पोरबंदर में कोस्टगार्ड के एयर एन्क्लेव में रविवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। क्रैश के दौरान घायल हुए दो लोगों ने अस्पताल जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि हेलिकॉप्टर से कूदने वाले व्यक्ति की भी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कोस्टगार्ड का एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है। इस हादसे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पुलिस ने दुर्घटना की पुष्टि की है।

एक अधिकारी ने बताया कि इंडियन कोस्टगार्ड का एक एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव रविवार को प्रशिक्षण उड़ान पर था। इसी दौरान उसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई। पोरबंदर कोस्टगार्ड एयरपोर्ट पर लैंडिंग के समय हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई। दो महीने पहले भी तटरक्षक बल का एक हेलिकॉप्टर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इंडियन कोस्टगार्ड की टीम इस घटना की जांच कर रही है।

# निशाने पर मुजीब

बांग्लादेश में उग्र छात्र आंदोलन के बाद जो स्थितियां बनी हैं वे न तो इस देश के हित में हैं और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में। जनविद्रोह की स्थितियों के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद लगातार बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। जिसकी शुरूआत तब देखने को मिली, जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल 16 दिसंबर को बिजॉय दिबोश यानी विजय दिवस के मौके पर दिए गए संबोधन में युवा राष्ट्र के संस्थापक कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान का उल्लेख तक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत में भी विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके,लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर अमादा है। यहां तक कि शैक्षिक पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही बांग्लादेश को स्वतंत्र करने की घोषणा की थी। इस तरह अराजकता व अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच नये विमर्श गढ़ने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, अंतरिम सरकार और कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। निश्चित रूप से बांग्लादेश मुक्ति अभियान के दौरान जियाउर रहमान एक सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने 1971 के युद्ध में विशिष्टता के साथ सेवाएं दी थी। वे कालांतर बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी बने थे। अपदस्थ सरकार के कर्ताधर्ता दलीलें दे रहे हैं कि उनके योगदान को राष्ट्र द्वारा उचित रूप से सम्मान देना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि इसके जरिये मुजीबुर्रहमान के योगदान को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार करना अनुचित ही होगा। दरअसल, यह सिर्फ सत्ता के केंद्र में आए व्यक्तियों की बयानबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि बांग्लादेश में मुजीब के चित्र वाले नोटों को भी चरणबद्ध तरीके से बंद करने की कुत्सित कोशिशें की जा रही हैं। निश्चित रूप से गलत दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि तमाम निर्णय कहीं न कहीं राजनीतिक दुराग्रहों से प्रेरित हैं। इसके बावजूद कि बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार खुद को बार-बार अराजनीतिक कहने से नहीं चूकती। यहां उल्लेखनीय है कि जियाउर रहमान की विधवा और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, फिलहाल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की प्रमुख हैं। जिसके साथ कार्यवाहक सरकार के मधुर रिश्ते हैं।

## उत्तरकाशी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1 किलो 700 ग्राम चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी,** उत्तरकाशी पुलिस ने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 और नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के तहत चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान 1 किलो 700 ग्राम चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल के निर्देशन में, पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट और प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह के नेतृत्व में कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। शनिवार की शाम को साल्ड रोड से जुंकाणी गांव जाने वाले कच्चे मार्ग पर नरेश नामक युवक को गिरफ्तार किया गया। नरेश के पास से 1 किलो 700 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ में नरेश ने बताया कि वह चरस को इकट्ठा कर मुनाफे के लिए उत्तरकाशी में बेचने की फिराक में था। नरेश पहले भी 2020 और 2023 में ठउ्ढर अू३ के तहत जेल जा चुका है।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः**

1. मु0अ0सं 71/20 धारा 8/20 ठउ्ढर अू३, थाना कोतवाली उत्तरकाशी।
2. मु0अ0सं 2/23 धारा 8/20 ठउ्ढर अू३, थाना कोतवाली उत्तरकाशी।

गिरफ्तार अभियुक्तः नरेश पुत्र काशीराम, निवासी ऊपरीकोट, थाना कोतवाली उत्तरकाशी, उम्र 29 वर्ष।

बरामद मालः 1 किलो 701.5 ग्राम चरस (कीमत करीब 4 लाख रुपये)।

इस गिरफ्तारी के बाद, उत्तरकाशी पुलिस ने स्थानीय समुदाय को आश्वासन दिया है कि ड्रग्स के खिलाफ उनकी मुहिम जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि उत्तरकाशी को ड्रग्स मुक्त बनाना और इसके लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से ड्रग्स तस्करी पर अंकुश लगेगा। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस बीच, नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के मद्देनजर, पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और भी कड़ा कर दिया है।

# एशियाई रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए भारतीय साइकलिंग टीम का चयन

## हरियाणा की हिमांशी व भूमिका भी बैंकाक में दिखाएंगे अपना जौहर

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरियाणा/हिसारः बैंकॉक थाईलैंड में 6 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाली एशियन रोड साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय साइकलिंग टीम का चयन कटरा दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे पर भारतीय साइकलिंग महासंघ द्वारा गया। भारतीय साइकलिंग महासंघ के संयुक्त सचिव एवं हरियाणा राज्य साईकलिंग संघ के  महासचिव नीरज तंवर की देखरेख मे चयन किया गया। हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ के महासचिव नीरज तवर ने भारतीय साइकलिंग महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा को ट्रायल के लिए चुना जिससे  आज हरियाणा की साइकलिंग ऊंचाइयों पर जा रही है। एशियन रोड साइकलिंग प्रतियोगिता के लिए पुरुष वर्ग के लिए 40 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल अक्षय त्यागी दिल्ली से आशीर्वाद सक्सेना तेलगाना से मानव शारदा राजस्थान से, महिला वर्ग के लिए 30 किलोमीटर का इंडिविजुअल टाइम ट्रायल जसमीत कौर सेखो  पंजाब से हिमांशी सिंह हरियाणा से पूजा लेगा राजस्थान से ,जूनियर लड़कों के लिए 30 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल राम अवतार राजस्थान से महावीर शरण राजस्थान अशोक राव राजस्थान तथा जूनियर महिला वर्ग के लिए 20 किलोमीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल हर्षिता जाखड़ राजस्थान जूही नारकर महाराष्ट्र भूमिका हरियाणा का ट्रायल के आधार पर भारतीय साइकलिंग टीम का चयन हुआ। टीम में खिलाड़ी का चयन किया गया । भारतीय साइकलिंग महासंघ के सहायक सचिव ने बताया कि इस ट्रायल में विभिन्न प्रदेशों के 60 से ज्यादा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



ट्रायल का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर दिल्ली कटरा एक्सप्रेस हाईवे एक प्रोजेक्ट मैनेजर बलकार सिंह ठाकुर तथा सीनियर मैनेजर मनोज कुमार सिंह  ने किया ।

इस मौके पर भारतीय साइकलिंग महासंघ के सहायक सचिव वी एन सिंह रोशन उपाध्याय संयुक्त सचिव एवं हरियाणा प्रदेश के महासचिव नीरज तंवर जगदीश असीजा प्रवीण कुमार जोगिंदर सिंह कुलदीप सिंह वडैच राजेश कौशिक सुनील समाना सतविंदर सिंह विकी श्रवन डूड्डी अशोक कुमार निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे और भारतीय साइकलिंग महासंघ ने भी हरियाणा की तारीफ करते हुए कहा कि एक अच्छा रोड दिया जिस कारण यह ट्रायल संपूर्ण हो पाया।

## उपहार पाकर खिले युगलों के चहरे, जन्म जन्मांतर तक साथ निभाने का किया वादा

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र से 11 सकुशल रह रहे युगलों को विभिन्न उपहार मिठाई व माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी  अखिलेश सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह ने शिव पार्वती की प्रतिमा का पूजन व दीप प्रज्वलन कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। पूरे वर्ष अपनी कुशलता बताते हुए सकुशल जीवन यापन कर रहे चयनित 11 युगलों को मंचस्थ अधिकारियों ने सम्मानित किया। बता दे कि इसी क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सलाहकार मंडल प्रभारी डा० आशीष श्रीवास्तव व सलाहकारों राजेन्द्र सिंह सेंगर, अबरार हुसैन, राम सनेही यादव, प्रभा यादव, तबस्सुम नफीस, सबीहा उमर, डा० मनीष सिंह सेंगर, शिल्पी श्रावस्तव, संजय चौरसिया, डा० सागीर अहमद, डा० अबसार अली, डा० शशि रंजना अग्निहोत्री, डा० एस.के. पाण्डेय व सहयोगियों शिवेन्द्र सिंह चौहान, स्वास्तिक मिश्रा, अंकित सिंह रघुवंशी तथा परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, मधु श्रीवास्तव, उप निरीक्षक मिथिलेश वर्मा, सुरेखा शर्मा, संगीता वर्मा, आरक्षियों अंजुला त्रिपाठी, साधना, अंशू रानी, मीनू सोलंकी तथा सहायकों सर्वेश व प्रिया को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## घर का ताला तोड़कर चोरी करते हुए नेपाली मूल के व्यक्ति को रंगेहाथ पकड़ा

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी,** आज सुबह, तिलोथ पावर हाउस उत्तरकाशी में सुरक्षा कर्मी विजय सिंह ने थाना कोतवाली में एक लिखित तहरीर दी। उन्होंने बताया कि जब वह अपने घर गणेशपुर गए हुए थे, तब नेपाली मूल के एक व्यक्ति, हरि बहादूर, ने उनके कमरे का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। पड़ोसियों ने हरि बहादूर को रंगेहाथ पकड़कर कमरे में बंद कर दिया और फिर उसे थाने ले आए। पुलिस ने हरि बहादूर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4)/305(1) और 62 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त हरि बहादूर, पुत्र रतन बहादूर, निवासी चीसा पानी सुरखेत नेपाल, उम्र 54 वर्ष, को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले की अग्रिम कार्यवाही जारी है।



## तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 10 मोटरसाइकिल बरामद



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उन्नाव।** पुलिस को एक और मिली बड़ी सफलता मिली है। थाना कोतवाली सदर पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। ये चोर उन्नाव और कानपुर नगर समेत कई जिलों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। बता दे कि पुलिस अधीक्षक उन्नाव, दीपक भूकर के कुशल निर्देशन और एसओजी टीम की सक्रियता से इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पकड़े गए चोरों में से एक की उम्र महज 19 साल है, जबकि बाकी दो आरोपी पहले भी कई मामलों में शामिल रह चुके हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन युवक चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ घूम रहे हैं। उन्हें ट्रैक किया और सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। पूछताछ में पता चला है कि ये वाहन कानपुर और उन्नाव के अलग-अलग इलाकों से चोरी किए गए थे। आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों को सस्ते दामों पर बेच देते थे। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोरी के कई मामलों का खुलासा हुआ है।

## चारधाम यात्रा 2025 की तैयारियों में जुटा उत्तरकाशी पुलिस प्रशासन



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**बड़कोट/उत्तरकाशी,** चारधाम यात्रा 2025 को लेकर उत्तरकाशी पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आज पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट, सुरेन्द्र सिंह भण्डारी की अगुवाई में पुलिस, प्रशासन, जिला पंचायत और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने थाना बड़कोट क्षेत्र के राजगढ़ी में धराली, भानकी, थानकी, पालर, राजगढ़ी, कोलगांव आदि के ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य चारधाम यात्रा 2025 के बेहतर और सुगम संचालन के लिए ग्रामवासियों से फीडबैक और सुझाव लेना था। बैठक में मुख्य रूप से यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग पर घोड़े-खच्चरों और डंडी-कंडी के संचालन, रोटेशन की व्यवस्था, बीमा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में ग्रामीणों ने चारधाम यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के लिए अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने पैदल मार्ग पर सफाई व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, और चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

इसके अलावा, घोड़े-खच्चरों और डंडी-कंडी के संचालन में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी सुझाव दिए गए। पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भण्डारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनके सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है।

# उत्तरकाशी में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के लिए रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार नामित

## उत्तरकाशी में यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए विकासखंडवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तरकाशी, 05  जनवरी 2025 समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के क्रियान्वयन के लिए जिले में तहसील, ब्लॉक व नगर निकायों के स्तर पर रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रारों को नामित किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा है कि यूसीसी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नामित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था भी की गई है। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में राज्य के गृह सचिव श्री शैलेश बगोली के साथ हुई बैठक में जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने जिले में यूसीसी के क्रियान्वयन को लेकर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए शासन के द्वारा तैयार कराए गए गए पोर्टल तथा मोबाइल एप पर पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं



ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध रहेंगी। शासन के दिशा-निदेर्शानुसार यूसीसी के प्राविधानों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के लिए जिले में रजिस्ट्रार एवं सब रजिस्ट्रारों को नामित करते हुए यूसीसी के पोर्टल व एप पर कार्य करने हेतु संबंधित अधिकारियों की यूजर आईडी तैयार कराई गई है। आवश्यक होने पर किसी अधिकारी की यूजर आईडी में बदलाव के लिए अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यूसीसी के क्रियान्वयन को लेकर तहसील व ब्लॉक तथा नगर पालिकाओं व नगर पंचायत के लिए संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी को रजिस्ट्रार बनाया गया है। जबकि तहसील व ब्लॉकों के अंतर्गत ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को सब रजिस्ट्रार नामित किया गया है और नगर पालिका व नगर पंचायत के स्तर पर संबंधित निकाय के अधिशासी अधिकारी सब रजिस्ट्रार नामित किए गए हैं।  जिलाधिकारी ने बताया कि यूसीसी के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित तहसीलों व ब्लॉकों के लिए रजिस्ट्रार के रूप में नामित उप जिलाधिकारियों और सब रजिस्ट्रारों  के रूप  में नामित ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों के साथ ही निबंधन विभाग के सब रजिस्ट्रारों को विकासखंडवार प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था की गई है। भटवाड़ी ब्लॉक के रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रारों का प्रशिक्षण कलक्ट्रेट ऑडीटोरियम उत्तरकाशी में होगा, जबकि डुंडा व चिन्यालीसौड़ ब्लॉक का प्रशिक्षण विकास खंड डुंडा, नौगांव ब्लॉक का प्रशिक्षण विकास खंड नौगांव और पुरोला व मोरी ब्लॉक के नामित अधिकारियों का प्रशिक्षण विकास खंड पुरोला में आयोजित कराया जाएगा। नगर निकायों के रजिस्ट्रार व सब रजिस्ट्रार भी संबंधित ब्लॉक के साथ ही प्रशिक्षण लेंगे। जिलाधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को यूसीसी के सभी प्राविधानों की समुचित जानकारी हासिल कर लागू इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## वार्ड नंबर 11 में दीपक शर्मा का चुनावी अभियान जोरों शोरों पर



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** श्रवण नाथ नगर वार्ड नंबर 11 से भाजपा के प्रत्याशी श्री दीपक शर्मा का चुनावी अभियान निरंतर जोरों शोरों पर चल रहा है प्रतिदिन घर-घर जाकर दीपक शर्मा तथा उनके साथी गण जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं अभी तक क्षेत्र में अन्य किसी प्रत्याशी की जनता के बीच उपस्थित नजर नहीं आ रही है सिर्फ दीपक शर्मा अभियान जोरों शोरों पर तेज गति से चला रहे हैं जिसे देखकर लगता है की सफलता अति निकट है श्री भोला शर्मा क्षेत्र के युवा नेता ने भी वार्ड चुनाव प्रभारी के रूप में चुनाव जीतने हेतु जोरो सोरों से अभियान चला रखा

## बीएचईएल की प्रगति में कर्मचारियों की पत्नियों का अहम योगदान है - टी. एस. मुरली



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** बीएचईएल की प्रगति में कर्मचारियों की पत्नियों के योगदान को ध्यान में रखते हुए, उनके लिए विभिन्न खेलकूद स्पधाओं का आयोजन किया गया । बीएचईएल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इन स्पधाओं में लगभग 200 कर्मचारियों की पत्नियों ने भाग लिया । बीएचईएल हरिद्वार के इतिहास में पहली बार आयोजित, इस कार्यक्रम के समापन समारोह में बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक श्री टी. एस. मुरली तथा बीएचईएल लेडीज क्लब की संरक्षिका श्रीमती टी. सौम्या ने, विजेताओं को पुरस्कृत किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री टी. एस. मुरली ने कहा कि बीएचईएल की विकास यात्रा में न केवल कर्मचारियों, बल्कि उनकी पत्नियों का भी अभिन्न योगदान है । श्री मुरली ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से कर्मचारियों के परिजनों का भी, कम्पनी के साथ जुड़ाव और ज्यादा मजबूत होगा । साथ ही उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग, एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है अतः सक्रिय रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है । उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न एथलेटिक्स स्पद्धाओं का आयोजन किया गया, जिनमें 100 व 200 मीटर दौड़, लम्बी कूद, 1 किमी. पैदल दौड़ / चाल, गोला फेंक तथा 4 50 मीटर रिले दौड़ आदि शामिल रहीं। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन, लेडीज क्लब की पदाधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे । कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीएचईएल के अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना विशेष योगदान दिया । कार्यक्रम के अंत में अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री पार्थ सारथी गौड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## एसएसपी हरिद्वार द्वारा कर्मचारियों की वेलफेयर को देखते हुए लगातार की जारी नई-नई पहल

### कर्मचारियों की फिटनेस को बनाए रखने हेतु पुलिस लाइन मेंआयोजित किया गया वॉलीबॉल मैच

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



रिजर्व पुलिस लाइन हरिद्वार में श्री प्रमेन्द्र डोबाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार की पहल पर पुलिस कर्मचारी के फिटनेश के दृष्टिगत पुलिस लाइन रोशनाबाद हरिद्वार में सर्किलवार वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभअ२स्त्र अंकुश मिश्रा द्वारा अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया जिसमें जनपद पुलिस के अलग-अलग थाना /कार्यालय/ लाइन की 10 टीम के द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है '

# महेश प्रताप सिंह राणा के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार/ शिवालिक नगर पालिका से कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी महेश प्रताप सिंह राणा के मुख्य चुनाव कार्यालय उद्घाटन पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, चुनाव प्रभारी शूरवीर सिंह सजवान सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। सभी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शूरवीर सिंह सजवान ने कहा कि यह लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ है। बीजेपी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि बीजेपी सरकार की भ्रष्ट नीतियों के कारण जनहित के कार्य नहीं हो रहे। बीजेपी शासन में महिलाएं, युवा, मजदूर, व्यापारी कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है। महेश प्रताप सिंह राणा ने कहा कि पिछली बार के पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और पार्टी ने उसी को प्रत्याशी बनाया है। यह लड़ाई ईमानदारी और भ्रष्टाचार के बीच है। जनता फैसला करेगी किसके हाथ में पालिका सौंपनी है। बीजेपी ने शिवालिक नगर



पालिका को लूटने का कार्य किया। बिना टेंडर निकाले अपने चाहते लोगों को कार्य दिया गया। पथ प्रकाश में भी घोटाले किए गए। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, पूर्व विधायक रामयश सिंह, राजबीर सिंह चौहान, विजय सारस्वत, विनय सारस्वत, विमला पांडे, अशोक शर्मा, राव आफाक, ब्लॉक अध्यक्ष अमित नौटियाल, नरेश शर्मा, बीएस तेजियान, कैलाश प्रधान, सीपी सिंह, विभाष सिन्हा, वाशी नौडियाल, मनीष शर्मा, हिमांशु भट्ट, मोहन सिंह राणा, कुंवर सिंह बिष्ट, गजराज सिंह, जॉनी, कमलप्रीत सिंह, डा अनूप कुमार, अक्षय नागपाल, लक्ष्मण सिंह, एमपी सिंह, पार्षद प्रत्याशी भावना राणा, दिनेश पांडे, सरस्वती पालीवाल, नेपाल गुप्ता, राजीव सिन्हा, संजय कुमार, सचेंद्र प्रताप, सरोज कुमार, ऊषा, रेणु बर्मन, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## हरिद्वार पुलिस की अवैध शराब के विरूद्ध ताबडतोड कार्यवाही

### नगर निकाय चुनाव के मध्यनजर स्कूटी सहित एक शराब तस्कर को धर दबोचा

### आरोपी के कब्जे एक स्कूटी व देशी शराब के कुल 180 पव्वे किये बरामद



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार नगर निकाय निर्वाचन-25 के दृष्टिगत जनपद में जारी आचार संहिता के अनुपालन में रानीपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करो के विरूद्ध कार्यवाही जारी रखते हुये, आज दिनांक 05.01.2025 को अवैध शराब बिक्री/तस्करी के विरूद्ध छापेमारी की कार्यवाही करते हुये

पुलिस टीमो द्वारा नारायण वाटिका के सामने शिवालिक नगर से आरोपी शुभम कुमार पुत्र प्रकाश नि0 लेबर कालोनी सेक्टर-2 बी0एच0ई0एल0 कोतवाली रानीपुर हरिद्वार को एक अदद स्कूटी जुपीटर पर कुल 180 पव्वे देशी शराब माल्टा मार्का परिवहन करते हुये पकड़ा गया । शुभम के विरूद्ध थाने पर आब0 अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

# कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर हरिद्वार पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

गुरमीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री सतपाल सिंह निवासी ग्राम अन्नेकी द्वारा सिडकुल पुलिस को 03 व्यक्तियों द्वारा उनके साथ मारपीट की व जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग करने की सूचना दी।

सूचना पर सिडकुल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित की गयी, आरोपियों की तलाश हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश देकर अन्नेकी से आरोपित कुलजीत व एक विधि विवादित किशोर को नियमानुसार हिरासत में लिया,आरोपी कुलजीत के कब्जे से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, फरार आरोपित की तलाश जारी है

आरोपितों के विरुद्ध थाना सिडकुल पर मुकदमा अपराध संख्या-9/25, धारा 3(5),352,109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## बहादराबाद पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 आरोपी के विरुद्ध की गयी कार्यवाही

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

बहादराबाद पुलिस ग्राम मूलदासपुर पहुंचकर 112 की सूचना पूछताछ करने के लिए गयी तो आरोपी गाली गलौच कर व मारपीट करने पर ऊतारु हे रहा था।

उक्त सूचना पर चौकी शान्तरशाह थाना बहादराबाद पुलिस द्वारा मौके पर जाकर समझाने की कोशिश की लेकिन नहीं माना फिर उत्तेजित होकर मारने पर उतारू हो रहा था मौके पर शांति कानून व्यवस्था भंग होता देख आरोपी के विरुद्ध अंतर्गत धारा-170 बीएनएसएस मेंकी कार्यवाही की गयी।

# 500 करोड़ से ज्यादा दुनियां के लोग योग धर्म, सनातन धर्म में श्रद्धा रखते हैं

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** (वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर मनोज मनोजानन्द) पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण की उपस्थित में पतंजलि संस्थान का 30वाँ स्थापना दिवस पतंजलि वैलनेस, हरिद्वार स्थित योगभवन सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर के पतंजलि योगपीठ संगठन के 6000 से अधिक प्रभारीगणों की उपस्थिति में स्वामी रामदेव जी महाराज ने विगत 30 वर्षों की सेवा, संघर्ष व साधना से परिचय कराया तथा पतंजलि योगपीठ की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग क्रांति की सफलता के बाद पञ्च क्रांतियों का शंखनाद करते हुए कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक, वैचारिक-सांस्कृतिक व रोगों-भोगों-ग्लानि-कुण्ठाओं से आजादी का बड़ा कार्य पतंजलि से प्रारंभ करना है। पहली क्रांतिः शिक्षा की आजादी- उन्होंने कहा कि आज 50 से 90 और कहीं-कहीं तो 99 प्रतिशत पढ़े-लिखे बेरोजगार, नशेड़ी, चरित्रहीन निस्तेज बच्चे तैयार हैं जिनका बचपन, यौवन और हमारा कुलवंश खतरे में है। हमनें यह तय किया है कि पहले भारतवर्ष में और फिर पूरी दुनियां में नई शिक्षा व्यवस्था का शंखनाद करेंगे और उसका नेतृत्व भारत करेगा। पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड अब नये प्रतिमान गढ़ेंगे। हमारा संकल्प है कि हम आगामी पाँच वर्षों में 5 लाख विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से जोड़ेगें। ये शिक्षा की अभिनव क्रांति होगी।

हमें बच्चों को केवल शब्दबोध नहीं कराना है, शब्दबोध के साथ विषयबोध, आत्मबोध, सत्यपरक भारतबोध व अपने गौरव का बोध कराना है। हम हिन्दी, अंग्रेजी व संस्कृत में पूरे विश्व की जानकारियों का समावेश करेंगे, पूरे विश्व के साथ अपडेट रखेंगे लेकिन उसमें भी 80 प्रतिशत कन्टेंट वेद, दर्शन, उपनिषद्, पुराणों का होगा, भारत के गौरव का होगा। उसमें अध्यात्म विद्या होगी, सनातन बोध होगा, भारत बोध होगा। यह मैकाले का एजुकेशन सिस्टम नहीं है। जब भारतीय शिक्षा बोर्ड से पहले एक लाख और बाद में 5 लाख स्कूल एफिलिएटिड हो जाएँगे तो भारत का बचपन और यौवन सुरक्षित हो जाएगा, यही शिक्षा की आजादी का संकल्प है। हम भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से विदेशी आक्रमणकारियों, अकबर, औरंगजेब या अंग्रेजों की झूठी महानता नहीं बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप व क्रांतिकारियों का सच्चा इतिहास पढ़ाएँगे। दूसरी क्रांतिः चिकित्सा की आजादी- रोग हमारा स्वभाव नहीं, योग ही हमारा स्वभाव है। आज पूरी दुनिया में सिंथेटिक दवा, अलग-अलग प्रकार स्टेरॉयड, पेन किलर इत्यादि खा-खाकर लोगों के शरीर खराब हो रहे हैं। चिकित्सा की आजादी के लिए पतंजलि वैलनेस, योगग्राम, निरामयम, चिकित्सालयों एवं आरोग्य केन्द्रों से लेकर, आधुनिक रिसर्च के माध्यम से ऋषियों की विरासत और विज्ञान को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने 5000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल्स व 500 से अधिक रिसर्च पेपर्स वर्ल्ड क्लास इंटरनेशनल जर्नल्स में पब्लिश करके असाध्य रोगों से मुक्ति का मार्ग दुनिया के सामने रखा है। हमारा संकल्प है कि हम लोगों को रोगी होने से बचायेंगे भी और रोग होने के बाद उन रोगों से योग-आयुर्वेद के माध्यम से लोगों को मुक्ति दिलाएँगे। तीसरी क्रांतिः आर्थिक आजादी- आज पूरी दुनिया में कुछ चंद मुट्ठी भर लोगों ने अपने क्रूर पंजों में पूरे अर्थतंत्र को जकड़ रखा है। हमारा लक्ष्य है समृद्धि सेवा के लिए व अर्थ परमार्थ के लिए। अभी तक पतंजलि ने शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसंधान, चरित्र निर्माण, राष्ट्र निर्माण आदि में 1 लाख करोड़ रुपए की चैरिटी की है। 10 हजार से अधिक सेंटर्स के साथ 25 लाख से अधिक प्रशिक्षित योग शिक्षकों तथा 1 करोड़ कार्यकताओं की निस्वार्थ सेवा से यह सब राष्ट्र निर्माण व चरित्र निर्माण का सेवा कार्य हो रहा है। हमारा संकल्प है कि स्वदेशी का आंदोलन इतना बड़ा खड़ा हो कि आर्थिक लूट, गुलामी और दरिद्रता से भारत निकले तभी भारत परम वैभवशाली बनेगा। बीपी, शुगर, थायरॉइड, अस्थमा, आर्थराइटिस, स्ट्रैस, डिप्रेशन, नींद आदि बीमारियों की गोलियाँ छुड़वाकर हम देश के प्रतिवर्ष 100 से 200 लाख करोड़ रुपए बचाते हैं। चौथी क्रांतिः वैचारिक और सांस्कृतिक आजादी- जिस भारत ने पूरी दुनियां को सर्वप्रथम संस्कृत विश्वारा का संदेश दिया वो भारत यदि वैचारिक और सांस्कृतिक गुलामी से गुजरे तो ठीक नहीं। आज भारतवर्ष हर बात पर दुनिया के उन दरिद्र देशों पर निर्भर रहता है जिनके पास केवल चंद कागज के टुकड़े, चंद डॉलर्स या पाउण्ड्स हैं। सच्चा व असली धन केवल पैसा नहीं है अपितु अच्छा स्वास्थ्य, सुखी घर-परिवार व चरित्र, योगधन व दैवीय सम्पद ही सच्चा धन है। हमें वैचारिक और सांस्कृतिक गुलामी से भारत को मुक्ति दिलानी है। इसलिए हम कहते हैं कि हमें इस सनातन धर्म को, वेदधर्म को, ऋषिधर्म को, योगधर्म को युगधर्म के रूप में बढ़ाना है। दुनियां के 500 करोड़ से ज्यादा लोग योग धर्म, सनातन धर्म में श्रद्धा रखते हैं। सब मिलकर साथ चलेंगे तो पूरी दुनिया से रिलिजियस टैरेरिजम, पॉलिटकल टैरेरिजम और ये शिक्षा व चिकित्सा के नाम पर चल रहा आतंकवाद खत्म होगा। पाँचवी क्रांतिः नशा, रोग-भोग वासनाओं से आजादी- दुनियां में चारों तरफ नशे का खतरनाक खेल चल रहा है। भारत में नशे के दलदल में धंसकर रोग, नशा व अश्लीलता में लोगों के जीवन तबाह हो रहा है। रोग, नशा, अश्लीलता से आजादी का हमारा संकल्प है। पतंजलि के 30 वर्ष पूर्ण होने पर यही है हमारा संकल्प है कि हम पूरे विश्व को योगमय बनायेंगे, चरित्र निर्माण करके आदर्श विश्व नागरिकों का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने कहा कि श्रद्धेय स्वामी जी के अखण्ड प्रचण्ड पुरुषार्थ से पतंजलि का योगदान आज पूरी दुनिया को प्रेरणा दे रहा है। पतंजलि में लोगों को स्वास्थ्य देने के लिए अर्थ से परमार्थ का अभियान चलाया है। पतंजलि का 100 प्रतिशत प्राफिट केवल चैरिटी के लिए है। पतंजलि के लिए भारत एक बाजार नहीं बल्कि परिवार है। पतंजलि में 500 से अधिक विश्वस्तरीय वैज्ञानिकों की टीम लगातार रिसर्च करके रोगानुसार विविध प्रकार के रस, क्वाथ, वटियाँ, कैप्सूल, व्हीट ग्रास, एलोवेरा जूस, आँवला जूस, नीम रस, गिलोय रस आदि रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड दवाइयाँ पूरी दुनिया को उपलब्ध करा रहे हैं। भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा को आधुनिक विज्ञान का प्रयोग करके जन-जन तक पहुँचाने का कार्य भी सर्वप्रथम पतंजलि ने ही किया है। आज पतंजलि ने दुनिया के 200 देशों में करोड़ों लोगों तक योग को गुफाओं व कन्दराओं से निकालकर जन-जन तक पहुँचाया है।



## कांग्रेस का मुख्य चुनाव कार्यालय रोड़ धर्मशाला में खोला गया



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार/** निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस का मुख्य चुनाव कार्यालय रोड़ धर्मशाला में खोला गया। कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस ने चुनाव कार्यालय उद्घाटन को शक्ति प्रदर्शन बना दिया। सभी बड़े नेता एक मंच पर नजर आए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि जहां जहां चुनाव हो रहे हैं वहां जनता का समर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री कॉरिडोर पर भ्रम बना रहे हैं। स्थानीय विधायक और मुख्यमंत्री के बयान में फर्क है। कांग्रेस व्यापारियों के साथ है। संगठन मजबूत है और कांग्रेस प्रत्याशी जीतेंगी। बीजेपी सरकारें तोड़ने का कार्य करती हैं। बीजेपी अपने झगड़े संभाले। सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ खनन का मामला संसद में उठाता है और सरकार को कठघरे में खड़ा करते हैं। पिछली मेयर को सरकार ने बहुत परेशान किया फिर भी उन्होंने पांच वर्ष बहुत बढ़िया जनता की सेवा में निकाले। इस अवसर पर मेयर प्रत्याशी अमरेश बालियान, विधायक फुरकान अहमद, विधायक वीरेंद्र जाती, विधायक अनुपमा रावत, निवर्तमान मेयर अनिता शर्मा, महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, डा. संजय पालीवाल, किरणपाल वाल्मीकि, वीरेंद्र रावत, मुरली मनोहर, प्रदीप चौधरी, अशोक शर्मा, राजबीर सिंह चौहान, ओपी चौहान, संतोष चौहान, सुमन अग्रवाल, तीरथ पाल रवि, जगत सिंह रावत, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, संजय अग्रवाल, वरुण बालियान, विकास चंद्रा, अनिल भास्कर, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष लता जोशी, अंजू मिश्रा, अंजू द्विवेदी, मनोज सैनी, जितेंद्र विद्याकुल, राजीव पराशर, सुंदर मनवाल, अश्विन कौशिक, गौरव मेहता, अमन शर्मा, संजय सैनी, मुकेश त्यागी, सुभाष त्यागी, इदरीश अंसारी, राव आफाक, राजीव भार्गव, सतीश चौहान, एड. अरविंद शर्मा, डा .सुशील कुमार, उपेंद्र कुमार, नीतू बिष्ट, मंजू सिंह ,याज्ञिक वर्मा, हिमांशु गुप्ता, राजेंद्र यादव, महावीर वशिष्ठ, सुनील कुमार, हिमांशु राजपूत, नीरजा शाह, आशु श्रीवास्तव, गगनदीप सिंह, विवेक भूषण विक्की, ऋषभ अरोड़ा, दीपकराज, नेपाल सिंह, आयुषी टंडन, अमित चंचल, प्रदीप अग्रवाल, पवन शर्मा, दिनेश पुंडीर, बीएस तेजियान, सोम त्यागी, अमरदीप रोशन, जतिन हांडा आदि हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगर पंचायत भगवानपुर भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय उदघाटन

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है आज भारतीय जनता पार्टी के भगवानपुर नगर पंचायत चुनाव कार्यालय का उदघाटन हुआ जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भीड़ पहुंची जिला पंचायत हरिद्वार अध्यक्ष किरणपाल चौधरी ,भाजपा के विधानसभा संयोजक भगवानपुर मास्टर सत्यपाल ,प्रभारी जय भगवान सैनी आदि भाजपा नेता इस कार्यक्रम में पहुंचे मीडिया से बातचीत में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रचित अग्रवाल को भारी जीत की बात कही एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोई अगर नाराज है तो उसे मनाने की कोशिश की जाएगी अगर नहीं मानते है तो भी कोई फर्क भाजपा प्रत्याशी को पढ़ने वाला नहीं है और भाजपा प्रत्याशी रचित अग्रवाल ने कहा है कि अगर जनता ने मुझे अपना प्यार और आशीर्वाद दिया तो मैं जनता की हर एक समस्या का समाधान करूंगा और किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नहीं होने दूंगा इस मौके पर जय भगवान सैनी प्रभारी सत्यपाल( संयोजक ),किरणपाल चौधरी अध्यक्ष जिला पंचायत हरिद्वा, डॉ रामपाल सिंह पूर्व राज्य मंत्री, देवेंदर अग्रवाल ,अमित कुमार, वीरेंद्र सैनी, सुभाष वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष हरिद्वार, राजकुमार कसाना, सुशील चौधरी, देशराज कर्णवाल, वैभव अग्रवाल, अजय गोयल, मनोज कपिल, अमन त्यागी, श्यामवीर सैनी, चंदन त्यागी, डॉ राजेश सैनी वरिष्ठ भाजपा नेता, कलावती महिला मंडल अध्यक्ष आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे



## लक्सर-रुड़की रोड पर हुआ अध्यक्ष प्रत्याशी उदय सिंह पुंडीर के कार्यालय का उद्घाटन



मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

रुड़की-लक्सर रोड स्थित कांग्रेस से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ठाकुर उदय सिंह पुंडीर के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हो गया। इस दौरान उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि और पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण रहे। उन्होंने कहा कि उदयवीर सिंह पुंडीर आपका बेटा और भाई बनकर नगर पंचायत क्षेत्र का विकास करेगा और इस क्षेत्र को ह्लचमनह्व बनाने में अपना शत-प्रतिशत देगा। उन्होंने कहा कि बड़ा हर्ष का विषय है कि एक छोटा सा कार्यकर्ता जब ढंडेरा व आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए नगर पंचायत के निर्माण की मांग कर सकता है और उसे धरातल पर उतारने में अपनी भूमिका अदा कर सकता है, उससे जाहिर होता है कि कांग्रेस का उम्मीदवार ही ढंडेरा नगर पंचायत का विकास कर सकता है। आज क्षेत्र की जनता ने भी उनके कार्यालय के उद्घाटन समारोह में पहुंचकर उन्हें अहसास करा दिया है कि वह आगे बढ़े और क्षेत्र की जनता उनके साथ है। वह चाहते हैं कि क्षेत्र चहुमुंखी विकास करें और एक अलग पहचान बनाएं। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवान ने कहा कि जो कार्यकर्ता किसी पद पर ना होते हुए नगर पंचायत जैसी एक बड़ी बजट वाली इकाई का निर्माण करने हेतु प्रयास कर सकता है और धरातल पर उतरवा सकता है, तो ऐसे विकास की सोच वाले व्यक्ति को ही अपना प्रतिनिधि चुने, ताकि वह यहां का चहुमुंखी विकास कर सके। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी उदय सिंह पुंडीर को अपना आशीर्वाद दिया और उनका समर्थन करते हुए जीत की शुभकामनाएं भी दी। वही कांग्रेसी नेता मोहम्मद आदिल फरीदी, ओबीसी विभाग के पूर्व अध्यक्ष आशीष सैनी, ठाकुर वीरेंद्र प्रताप सिंह, सूरज राणा, राम सिंह, देवेश शर्मा, रूप सिंह राणा, प्रधान राजेन्द्र, लक्खा भाई, श्रीकांत बौद्ध, नोशाद मलिक, नितिन, जोनी राणा, सन्नी, सन्नी मालियान आदि मौजूद रहे।

## नहर पटरी के पास गुलदार दिखने से राहगीरों में दहशत का माहौल

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

रूड़की। शनिवार की देर शाम नहर पटरी के पास गुलदार की दस्तक से राहगीर सहम उठे। गुलदार सड़क के पास आ गया।वाहनों की लाइट से डरकर गुलदार पुरानी नहर की ओर भाग गया। शनिवार की शाम करीब 8:00 बजे रूड़की से कलियर की ओर आ रही एक कार के सामने अचानक गुलदार आ गया। गुलदार को देखकर चालक ने कार रोक दी। वहां से गुजर रहे बेडपुर निवासी अनीश ने बताया कि गुलदार को देखकर लोगों ने वाहन रोक लिए।

## अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी



मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

**लक्सर, उत्तराखंड,** लक्सर पुलिस के द्वारा अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, उससे संबंधित नशे के कैप्सूल इंजेक्शन बरामद हुए हैं, लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को साकार करने के लिए जनपद को नशा मुक्त करने नशा स्मेंक चरस गांजा अवैध शराब आदि तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, अभियान को सफल बनाने के क्रम में एसएसपी हरिद्वार द्वारा सभी कोतवाली प्रभारीयों थाना अध्यक्षों को निर्देशित किया था, जिसमें 4 जनवरी 2025 को मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया, उससे बहुत बड़ी खेफ इंजेक्शन कैप्सूल नशे के बरामद हुए, पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम नाहिद पुत्र शहिद निवासी किशनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया, उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला, उप निरीक्षक दीपक चौधरी, हेड कांस्टेबल रियाज अली, हेड कांस्टेबल पंचम प्रकाश, हेड कांस्टेबल मनोज मिनान, शामिल रहे, पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पकड़े गए व्यक्ति को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# भाजपा मेयर प्रत्याशी किरण जैसल के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया








मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

भाजपा मेयर प्रत्याशी किरण जैसल के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधिवत पूजन हवन कर किया गया। पूजन हवन के उपरांत आयोजित एक विशाल जनसभा का आयोजन हुआ जिसमें हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की लहर है कांग्रेस के नेता लगातार भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है उन्होंने कार्यकताओं से आवाहन किया कि सभी भाजपा प्रत्याशियों को इतने भारी बहुमत से जिताए कि पिछले नगर निगम चुनाव के सभी परिणाम ध्वस्त हो जाए

पिछले सालों में जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने विकास कार्य किए हैं और आम जनमानस को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है यह आप सबके सामने हैं यह डबल इंजन की सरकार आपके आशीर्वाद से अगर ट्रिपल इंजन की हो गई तो हरिद्वार का विकास अभूतपूर्व होगा। स्थानीय विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन कौशिक ने कहा कि किरण जैसल की विजय के पश्चात हरिद्वार भी कांग्रेस मुक्त होगा।

नगर निगम का जो विकास पिछले 5 सालो में अवरुद्ध हुआ है उसे नई गति मिलेगी। किरण जैसल की विजय हरिद्वार वासियों के लिए वरदान साबित होगी।

उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम के अधीन आने वाली सभी सेवाएं पिछले 5 वर्षों में चरमरा गई हैं भाजपा की मेयर एवं बोर्ड बनने पर उन सारी अव्यवस्थाओं को मिलकर ठीक करने का काम करेंगे।

रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि जिस प्रकार पूर्व में भी जनता ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में अपना पूर्ण बहुमत देकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया है ठीक उसी प्रकार नगर निकाय चुनाव में भी हरिद्वार की जनता सरकार के विकास कार्यों पर मोहर लगाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने का काम करेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने कहा कि हरिद्वार नगर निगम की जनता बड़ी प्रबुद्ध जनता है और यह जानती है कि हरिद्वार का विकास भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है इसलिए मुझे पूरा विश्वास है इन चुनावो में भी भाजपा को हरिद्वार का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त होगा और श्रीमती किरण जैसल सहित सभी पार्षद प्रत्याशी भारी मतों से जीतकर आएंगे। विशाल जन सैलाब के रूप में आपकी उपस्थिति यह बता रही है कि हम नगर निकाय चुनाव ऐतिहासिक मतों से जीतने जा रहे हैं। मेयर पद प्रत्याशी किरण जैसल ने कहा कि मेरा पूरा परिवार पिछले कई वर्षों से लगातार हरिद्वार की जनता की सेवा राजनीतिक क्षेत्र के माध्यम से कर रहा है आगे भी यदि हरिद्वार की जनता मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान करती है तो मैं इस मंच के माध्यम से आप सभी को आस्वस्थ करती हूं कि हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र को प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ नगर निगम क्षेत्र में प्रथम लाने का अथक प्रयास करूंगी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मुख्य चुनाव अभिकर्ता विकास तिवारी एवं चंद्रशेखरकुर्ल ने किया। इस अवसर पर राजकुमार अरोड़ा चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष विमल कुमार चुनाव प्रभारी मनोज गर्ग चुनाव समन्वयक पुरुषोत्तम शर्मा चुनाव संयोजक राजकुमार अरोड़ा हरिद्वार विधानसभा के चुनाव संयोजक सचिन भारद्वाज रानीपुर विधानसभा के चुनाव संयोजक विपिन शर्मा अनु कक्कड़ आशुतोष शर्मा आशु चौधरी सुभाष चंद्र संजय सहगल हीरा सिंह बिष्ट धीरेंद्र गुप्ता तरुण नैय्यर लव शर्मा अनिल कुमार विक्रम भुल्लर दीपक मिश्रा नितिन चौहान दीपांशु विद्यार्थी उज्ज्वल पंडित देवेंद्र प्रधान डॉ हिमांशु पंडित व्यापार मंडल के राष्ट्रीय नेता कैलाश केसवानी सत्य नारायण शर्मा डॉक्टर सिद्धार्थ चक्रपाणि ठाकुर सुशील चौहान चंदन चौहान कार्यालय प्रभारी संजय अग्रवाल प्रीति गुप्ता सुषमा चौहान प्रीति गुप्ता प्रिया गुप्ता सरिता मिश्रा संजय अग्रवाल अभिषेक गुप्ता विष्णु शर्मा अनिल पुरी सुनील सेठी राकेश राजपूत हरजीत सिंह सुनील प्रजापति योगेंद्र पाल रवि तरुण चौहान मोहित चौहान राजन मेहता सिद्धार्थ चक्रपाणि सुमित श्री कुंज अंकुर पालीवाल मनोज शर्मा अंश मल्होत्रा अभिनव चौहान आनंद सिंह नेगी आकाश भाटी सुनीता शर्मा सूर्यकांत शर्मा अनिरुद्ध भाटी अनिल वशिष्ट सुमित चौधरी श्रुति खेवड़िया हिमांशु आडवाणी निशांत वर्मा सचिन कुमार दीपक शर्मा इष्ट देव सोनी मंजू रावत ललित रावत सिद्धार्थ कौशिक निशा नौडियाल रानी देवी ममता देवी मोनिका सैनी राजेश शर्मा पिंकी चौधरी सपना शर्मा आशी भारद्वाज पीएस गिल एकता गुप्ता शुभम मंडोला सुनील अग्रवाल मुकुल पाराशर प्रशांत सैनी सचिन अग्रवाल भूपेंद्र कुमार अनुज सिंह राजेंद्र कटारिया निशा पुंडीर दीपाली मोनिका गिहार अनु मेहता तनीजा प्रजापति मोनिका वर्मा नसीम सलमानी योगेंद्र सैनी संदीप सैनी किरण प्रकाश वर्मा आशुतोष चक्रपाणि बबीता शर्मा सुदेशना नीतू कश्यप सुनील कुमार हितेश चौधरी नागेंद्र सिंह राणा विकास कुमार यादराम वालिया मनोज पारलिया विमला ढोंडियाल विनीत चौहान एवं संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र चौधरी के कार्यालय का उद्धघाटन किया गया

**मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप**

लक्सर नगर पालिका परिषद मैं मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे नरेश बंसल ने भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र चौधरी के कार्यलय का उद्धघाटन किया है। मुख्य अतिथि नरेश बंसल ने कहा की उत्तराखंड में कई नगर पालिका के चुनाव भाजपा निर्विरोध जीत चूकी हैं, और लक्सर से भाई देवेंद्र चौधरी बहुत ही सरल इमानदार व्यक्ति है, इनको चुनाव जिताने का काम करें, जिससे नगर पालिका परिषद में रूके हु विकास कार्य सूचारू रूप से हो सके, पूर्व केबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद ने कहा की पीछली बार भी भाजपा का ही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चुना गया था। इस बार भी, आपके बीच में बहुत ही इमानदार प्रत्यशी देवेंद्र चौधरी को चुनाव में उतारा गया है, आप सभी से गुजारीश है की, देवेंद्र चौधरी को चुनाव जिताएं पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा की आपके बीच में भाई देवेंद्र चौधरी चुनाव मैदान में है, आप उनको चुनाव जिताकर नगर पालिका परिषद लक्सर का अध्यक्ष बनाएं, भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र चौधरी ने कहा की जिस तरह से भाजपा ने मुझ पर भरोसा करके चुनाव मैदान में उतारा है। मैं भी चुनाव जीत कर इस सीट को भाजपा की झोली में डालने का कार्य करुगां, और जनता के द्वारा बताये गए जनहित के मुद्दो पर काम करूंगा, वहा पर जो भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे, उनमे मुख्य अतिथि नरेश बंसल , स्वामी यतीश्वरानंद पुर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व




विधायक संजय गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी चौधरी देवेंद्र सिंह, डॉ हर्ष कुमार दौलत ब्लाक प्रमुख लक्सर , अमरीश गर्ग पुर्व अध्यक्ष नगर पालिका लक्सर, महेंद्र सिंह धीमान, मा कुशलपाल सैनी, अरविंद अग्रवाल मंडल अध्यक्ष भाजपा लक्सर, डॉक्टर यशपाल अग्रवाल, निपेंद्र चौधरी, प्रमोद चौधरी पूर्व प्रधान दाबकी दूध संघ अध्यक्ष, संजीव चौधरी, राजवीर कश्यप, बिशनपाल कश्यप, मास्टर धर्मेंद्र चौहान, सुदर्शन कपूर, करुणेश शर्मा, जसवीर चौधरी, आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर पंचायत भगवानपुर कांग्रेस प्रत्याशी गुलबाहर अहमद के मुख्य कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद**

भगवानपुर नगर पंचायत से अध्यक्ष पद क कांग्रेस प्रत्याशी के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। वक्ताओं ने गुलबाहर अहमद के पक्ष में वोट करने की अपील की और आने वाले पांच साल विकास के नाम करने को कहा।

भगवानपुर नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी गुलबहार के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद विधायक ममता राकेश ने कहा कि

गुलबाहर अहमद एक शिक्षित और ईमानदार प्रत्याशी के रूप में जनता के बीच उन्हें भेजा है। उन्होंने कहा कि अब जनता को तय करना है कि नगर पंचायत भगवानपुर एक मजबूत और शिक्षित हाथों में अमीर आलम ने कहा कि गुलबहार अहमद लंबे समय से जनता की सेवा में लगे हैं और उनके पास शहर के विकास के लिए एक विजन है जिसे लेकर वह शहर में आने वाले पांच साल विकास करेंगे। जो कार्य आज तक नहीं हो प प्रत्याशी गुलबहार अहमद ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल शहर में सड़कें और सफाई व्यवस्था नहीं बल्कि उससे भी आगे बढ़कर कार्य करना हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रतिभावान बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ाने के लिए योजनाएं लाएंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता रूप सिंह और संचालन

फारुख प्रधान ने किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सलीम अहमद उस्मान प्रधान लियाकत भाई सोनू भाई मोनू भाई बाबू अहमद इसरार अहमद फैजान अहमद रमेश कुमार सत्येंद्र कुमार विमला देवी मोहम्मद ताहिर राव जुनैद मोहम्मद इस्लाम राव फर्मुद मोहम्मद अफजल अमित तलवार इरशाद अहमद नासिर पर्वेज आदि मौजूद रहे

## कांग्रेस प्रत्याशी किरण चौधरी ने किया डोर टू डोर संपर्क



**मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद**

**रुड़की।** झबरेड़ा में अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी किरण चैधरी का चुनावी अभियान तेजी पकड़ रहा है। वह लगातार घर-घर जाकर लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को उन्होंने कस्बे के वार्ड-3 में डोर-टू-डोर जाकर माताओं, बहनों, से जीत का आशीर्वाद मांगा और कहा कि आपका प्यार मिला और जीत हुई, तो निश्चित रुप से कस्बे की दिशा व दशा बदलने का काम करूंगी। इस दौरान उनके साथ आस-पास की तमाम महिलाएं भी वोट मांगने के लिए निकल पड़ी। और रैले के रुप में जहां-जहां भी वह जाती, उनका महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया तथा उन्हें पूर्ण भरोसा दिया कि इस चुनाव में एक-एक वोट उनके पक्ष में डाला जायेगा और उन्हें भारी मतों से जिताकर नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया जायेगा। महिला होने के नाते भी किरण चैधरी को काफी जन समर्थन मिल रहा है। समर्थन मिलने से किरण चैधरी भी बेहद गदगद नजर आ रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि वह पढ़ी-लिखी, मृदुभाषी और संस्कारी महिला है तथा महिलाओं के दुःख दर्द को अच्छी तरह समझती है। जिस प्रकार से वह महिलाओं के बीच में जाकर उन्हें भरोसा दिला रही हैं, निश्चित रुप से उन्हें इस चुनाव में मजबूती मिल रही है। पिछले कई दिन से वह अपने चनुावी अभियान की शुरूआत कर चुकी है और तभी से दिन-रात कड़ी मेहनत कर मंजिल पाना चाहती है। हालांकि अभी चुनाव में काफी समय है। किरण चैधरी ने कहा कि वह अपने इस अभियान को और तेजी के साथ आगे बढ़ायेंगी। बड़े बुजुर्गों का चरण छूकर आशीर्वाद लेना सभी के मन को भा रहा है।

## थाना बहादराबाद पुलिस द्वारा अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी को धर दबोचा

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/असामाजिक तत्वों पर पूर्णता अंकुश लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर थानाध्यक्ष थाना बहादराबाद द्वारा अधीनस्थ कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा द्वारा दिनांक- 4/5.01.25 की रात्रि गस्त के दौरान रोहालकी अण्डर पास, अकेले घूम रहे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राहुल पुत्र विनोद निवासी छजवाली गली पीठ बाजार ज्वालापुर जिला हरिद्वार बताया जिसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास 01 अदद अवैध चाकू बरामद हुआ। उक्त व्यक्ति किसी संगीन घटना को अंजाम देने के फिराक में था। पकडें गये आरोपी के विरुद्ध थाना बहादराबाद पर आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

## पहाड़ी क्षेत्रों के जानवरों की अवैध तस्करी करते 4 तस्कर, 20 जिंदा भैंस रेस्क्यू

**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

थाना रायवाला पुलिस की दो टीमो द्वारा आज रविवार को दो अलग अलग क्षेत्रो से चेकिंग के दौरान अवैध रूप से पशुओं की तस्करी कर ले जा रहे दो वाहनो समेत 4 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त उक्त जानवरों को पहाड़ी क्षेत्रों से अवैध रूप से तस्करी कर लाये थे,जिन्हें वाहनो में हाथ पैर, सींग बांधकर ठूसा हुआ था। रविवार को रायवाला पुलिस द्वारा दो अलग-अलग टीमे बनाकर सत्यानारायण मन्दिर व प्रतीतनगर तिराहा पर बैरियर लगा कर संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान सत्यनारायण मन्दिर तथा प्रतीतनगर तिराहे पर पुलिस टीम द्वारा 02 अलग अलग वाहनो, यूके08सी ए 9292 टाटा 1518 (रंग सफेद लाल) व यूके07 सीडी 0647 टाटा पिकअप (रंग सफेद ) को चेक करने को रोका तो उनमें पुलिस को क्रमशः 13 तथा 07, कुल 20 जिंदा भैंसवंशीय पशुओ को रस्सियों से पैर, सींग व गर्दन को बांधकर क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरा हुआ पाया। जिसपर पुलिस ने मौके से ही वाहन चालकों 1- सहदाब(32) पुत्र अहसान निवासी मानूबास थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार तथा 2- मेजर सिंह(45) पुत्र स्व0 कुन्दन सिंह नासी जलालपुर पो0 इस्लामाबाद थाना बडापुर नगीना बिजनौर तथा उनके साथियों 3- मशरूर उर्फ मुन्ना(48) पुत्र मंसूर निवासी कलियर







थाना कलियर हरिद्वार तथा 4- अयान(18) पुत्र साकिर निवासी मौहल्ला कलालान थाना नगीना जिला बिजनौर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने चारों अभियुक्तो के खिलाफ थाना रायवाला पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत 02 अलग अलग अभियोग पंजीकृत किये है।पुलिस ने सभी भैंसवंशीय पशु को रेस्क्यू करते हुए सुरक्षित स्थान पर ले जाकर पशु चिकित्सक से उनका ईलाज कराकर मेडिकल व टैगिंग की गई है।

## ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन और ऑपरेशन नई किरण के दृष्टिगत हरिद्वार पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

उत्तराखंड को ड्रग्स फ्री बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन और ऑपरेशन नई किरण को सफल बनाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। दिनांक 05.01.2025 को थाना झबरेड़ा पुलिस द्वारा ठरर शिविर सुल्तानपुर साबतवाली में जन जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के साथ नशे की रोकथाम पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों को नशा मुक्त अभियान के महत्व से अवगत कराया गया और नशा करने वालों की काउंसलिंग कर उन्हें इस बुरी आदत से मुक्त करने के उपाय सुझाए गए। साथ ही, नशा बेचने वालों की जानकारी पुलिस को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ऑपरेशन नई किरण के तहत, नशे से पीड़ित व्यक्तियों




की काउंसलिंग और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के तरीकों पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस अवसर पर ह्लजिंदगी को हां, नशे को नाह्व की शपथ भी दिलाई गई। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गौराशक्ति ऐप्स, उत्तराखंड पुलिस मोबाइल ऐप्स, साइबर क्राइम, और यातायात सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान का उद्देश्य नशे से मुक्त समाज का निर्माण करना और एक स्वस्थ भविष्य की ओर कदम बढ़ाना है।

## देवभूमि को नशा मुक्त बनाने को डोईवाला पुलिस ने बस्ति वासियो से की अपील




**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

डोईवाला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के देवभूमि को वर्ष 2025 तक नशा मुक्त बनाने को दून पुलिस ड्रग्स तस्करो की धरपकड़ सहित लगातार आम जनता के बीच जाकर उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। जिस क्रम में आज कोतवाली डोईवाला की एक पुलिस टीम डोईवाला अंतर्गत भानियावाला के मलिन बस्ती में पहुँची जहां पुलिस टीम द्वारा बस्ती वासियो को नशे के प्रकार,नशे से होने वाली क्षति आदि के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस के इस अभियान में अपनी सहभागिता देने का आवाहन किया। पुलिस टीम ने इस दौरान बस्ती वासियो को अपने आसपास सक्रिय नशा तस्करो की जानकारी भी पुलिस से साझा कर सहयोग करने की अपील की।

जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा बस्ती वासियो को नशामुक्त राज्य की स्थापना में पुलिस को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान टीम ने उपस्थित लोगों को नशामुक्ति से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित करते हुए उन्हें नशा न करने तथा नशे के उन्मूलन में अपना सहयोग देने की शपथ दिलाई गयी। पुलिस टीम द्वारा बस्ती वासियो को नशे में लिप्त पाए जाने वाले युवको व नशा बेचने वाले लोगो की किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस को सूचित करने का आवाहन किया,जिसके लिए पुलिस टीम ने बस्ती वासियो को अपने फोन नंबर उपलब्ध करवाए।

तत्पश्चात प्रभारी निरीक्षक डोईवाला द्वारा डोईवाला क्षेत्र में चिन्हित किये गए नशा पीडितो की काउसलिंग कर उनको नशे के दुष्प्रभाव व हानियो से अवगत कराया गया तथा उन्हें नशे की लत को त्यागकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया व अपने भविष्य को संवारकर अपने परिवार का सहारा बनने को चेताया।

## अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू

**मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप**

लक्सर हरिद्वार मार्ग स्थित सुल्तानपुर बेगम पुल के किनारे एक विशाल अजगर निकल आया। जिसे देखकर ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना वन विभाग लक्सर को दी गई, सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, वन विभाग की टीम ने अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया, औंर ले जाकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है। रविवार दोपहर एक ग्रामीण लक्सर हरिद्वार मार्ग स्थित बेगम पुल के किनारे से गुजर रहा था। इस दौरान ग्रामीण ने सड़क किनारे पड़े विशालकाय अजगर को देखा। अजगर को देखकर ग्रामीण के होश उड़ गए। इस दौरान ग्रामीण ने मामले की जानकारी सड़क से गुजर रहे अन्य ग्रामीणों को दी। विशालकाय अजगर निकलने की सूचना पर दर्जनों लोग अजगर को देखने के लिए मौके पर जमा हो गए। इस दौरान किसी ग्रामीण ने मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारीयों को दी। मामले की सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान टीम ने विशालकाय अजगर का कड़ी मस्कत कर सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। वन क्षेत्राधिकारी लक्सर यशपाल सिंह राठौर ने बताया कि लक्सर हरिद्वार मार्ग स्थित सुल्तानपुर बेगम पुल के पास विशाल का अजगर दिखाई देने की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। टीम ने अजगर को पकड़ कर लेजाकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है। इस दौरान टीम में लक्सर बीट प्रभारी वैभव सिंगल, सुमित सैनी, गुरजंट सिंह,भोपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाया गया



मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर पुलिस के द्वारा अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाया गया है, लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में निवासरत किराएदार फड फेरी कबाडी गैराज में काम करने वाले बाहरी व्यक्तियो मजदूर चरखी कोल्हू स्वामीयों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया गया था, जिसमें पुलिस टीम बनाई गई पुलिस टीम के द्वारा सत्यापन के दौरान 137 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया, जिसमें पांच चालान माननीय न्यायालय के 50000 के किए गए 16 चालान 81 पुलिस एक्ट के किए गए, जिनसे नकद 4000 संयोजन शुल्क वसूला गया, उन्होंने यह भी बताया कि सभी को उपरोक्त व्यक्तियों का सत्यापन करा लेना चाहिए, अन्यथा उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## रविन्द्र सिंह आनन्द ने तेज किया जनसंपर्क अभियान



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून। आम आदमी पार्टी से मेयर पद प्रत्याशी रविन्द्र सिंह आनन्द ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है । वे लोगों से मिल रहे हैं और उनको लोगों का अपार जन समर्थन मिल रहा है ।

रविन्द्र सिंह आनन्द ने कहा कि वे जहां भी जा रहे हैं सभी जगह एक ही बात है कि जनता ने भाजपा और कांग्रेस का कार्यकाल देख लिया है और अब जनता बदलाव चाहती है। रविन्द्र आनन्द ने कहा कि जनता के बीच जाकर पता चलता है कि जनता दोनों ही पार्टियों से त्रस्त है और अब भी उनका विकल्प आम आदमी पार्टी दे सकती है ।उन्होंने कहा कि वह यदि वे मेयर पद पर जीत कर आते हैं तो उनका पहला कार्य 2000 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करना रहेगा और नगर निगम से ठेका प्रथा समाप्त करना रहेगा। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच भाजपा और कांग्रेस को लेकर जो गुस्सा है वह साफ दिखाई पड़ रहा है , किस तरीके से भाजपा और कांग्रेस ने अब तक जनता को लूटने का काम किया है। स्मार्ट सिटी के नाम पर किस तरीके से लोगों को ठगा गया और करोड़ों के घोटाले किए गए । जनता के पैसे से अपने घर भर गए और करोड़ों करोड़ों के घोटाले किए गए।

## खिलाड़ी सम्मान समारोह में पहुँचे सांसद व विधायक ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उन्नाव मियाँगंज ।** क्षेत्र के आवागोझा क्रिकेट ग्राउंड में प्रधान संघ अध्यक्ष प्रवीण रावत द्वारा आयोजित बरहा कला प्रीमियम लीग टूनामेंट में खिलाड़ी सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में पहुँचे सांसद महामंडलेश्वर साक्षी जी महाराज एवं क्षेत्रीय विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने प्रधान प्रवीण रावत को आयोजन के लिये बधाई देते हुवे खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन भी किया । वही प्रधान प्रवीण रावत ने मुख्यातिथियों को स्मृतिचिन्ह देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया । इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद,आयोजक प्रधान प्रवीण रावत,पूर्व ब्लाक प्रमुख बलवीर यादव,भाजपा नेता महेन्द्र गुप्ता बब्लू,अमितेश सिंह नन्दू,एस दयाल ग्रुप से स्वामी दयाल गुप्ता,अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष रईश खान पप्पू,मंडल अध्यक्ष मलखान सिंह,मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश तिवारी,रामू तिवारी,पूर्व प्रधान मोहित दीक्षित,पूर्व प्रधान सरोज सैनी,प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कन्नौजिया,सन्दीप सिंह सेंगर,दिलीप सिंह,अभिलाष दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहें ।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर पार्षद का चुनाव लड़ रहा बिजनौर का व्यक्ति

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून मूल निवास भू-कानून संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि निकाय चुनाव में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर कई लोग चुनाव लड़ रहे हैं। इससे मूल निवासी अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों के अधिकारों पर डाका पड़ रहा है।

उन्होंने बाहरी राज्यों के लोगों के स्थाई निवास और जाति प्रमाण पत्रों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

यहां जारी बयान में संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि देहरादून के नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 75 लोहियानगर में पट्टे की जमीन पर मकान बनाकर रह रहे मुकीम अहमद ने ओबीसी का फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाया है। इस आधार पर मुकीम ने 2018 में राष्ट्रीय पार्टी के टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़ा और चुनाव जीता। एक बार फिर मुकीम को पार्षद का टिकट मिला है। जबकि मुकीम अपने मूल जनपद बिजनौर से 12 साल पहले देहरादून के पटेलनगर स्थित मंडी में काम करने आया था।

उत्तराखंड में स्थाई निवास प्रमाण पत्र 15 साल से रह रहे व्यक्ति को ही दिया जाता है। जबकि एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण का लाभ 1985 की कट ऑफ डेट के आधार पर ही दिया जाता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा हो गया है कि 15 साल से कम समय



में ही कैसे मुकीम ने अपना स्थाई निवास प्रमाण पत्र बना दिया ? पिछली बार भी उसने पार्षद का चुनाव लड़ा था तो यह भी साबित हो गया है कि उसने राज्य में आने के चार वर्ष में ही अपना स्थाई और जाति प्रमाण पत्र बना दिया था। मुकीम मूल रूप से यूपी के बिजनौर जिले के भनेड़ा गांव का निवासी है और उसका भाई समाजवादी पार्टी से अपने गांव से प्रधान का चुनाव लड़ रहा है। संवैधानिक व्यवस्था के तहत जो व्यक्ति जिस राज्य का मूल निवासी है, उसे उसी राज्य में आरक्षण का लाभ दिये जाने की व्यवस्था है। ऐसे में मुकीम को अपने मूल राज्य में ही ओबीसी का लाभ मिलेगा। यहां उसने मूल रूप से रह रहे मुस्लिम ओबीसी के हक पर डाका डाला है।

मोहित डिमरी ने कहा कि ओबीसी, एससी और एसटी का लाभ सिर्फ उत्तराखंड के मूल निवासियों को कट ऑफ डेट 1985 के आधार पर ही दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन बड़ी संख्या में अन्य राज्यों से उत्तराखंड में आये ओबीसी और अनुसूचित जाति के लोग भी इस्का लाभ ले रहे हैं। इससे उत्तराखंड की डेमोग्राफी बदल रही है और यह संख्या लगातार बढ़ती रही और इसका लाभ उन्हें मिलता रहा तो यहां के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जायेंगे।

उत्तराखंड के मूल निवासी अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को सबसे अधिक नुकसान झेलना पड़ेगा। अभी उत्तराखंड में ओबीसी 14 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति को चार प्रतिशत रिजर्वेशन मिलता है। भविष्य में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की वकालत राष्ट्रीय पार्टियां कर रही हैं और इसी तरह अनुसूचित जाति के आरक्षण का भी प्रतिशत बढ़ेगा। समझा जा सकता है कि जब बाहरी राज्यों के एससी और ओबीसी के लोगों की संख्या बढ़ेगी तो उन्हें ही इसका लाभ होगा। उत्तराखंड के मूल निवासी अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग को इससे सबसे अधिक नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में राष्ट्रीय पार्टियों ने किसी भी मूल निवासी अनुसूचित जाति के व्यक्ति को टिकट नहीं दिया है। भविष्य में इसी तरह के हालात पैदा होते रहेंगे और एक दिन उत्तराखंड का मूल निवासी न मुख्यमंत्री बन पाएगा, न मंत्री और न विधायक, न निकाय और पंचायत में प्रतिनिधित्व कर पायेगा। यह हम सभी के सामने गंभीर चिंता का विषय है।

मोहित डिमरी ने यह भी कहा कि बहुत सारे लोग फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग से मांग करते हैं कि फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग की सीटों पर चुनाव लड़ रहे लोगों का नामांकन तुरंत निरस्त किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से बाहरी राज्यों से आये लोगों के स्थाई निवास और जाति प्रमाण पत्रों की जांच के लिए बड़ा अभियान चलाने की मांग की ।

# अलग-अलग टावरों में हुई चोरी की घटनाओं का दून पुलिस ने किया खुलासा

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

विकास नगर एक अभियुक्त को घटना में चोरी किये गये सामान के साथ किया गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त स्कूटी को किया सीज कोतवाली विकासनगर रमेश यादव पुत्र श्री कोमल सिंह निवासी सुद्धोवाला थाना प्रेम नगर द्वारा एटनबाग एटीसी टावर से तथा वादी श्री नरेश सिंह पुत्र बचन सिंह निवासी रायल कमाण्ड प्रोटेक्शन ग्रुप सहस्त्रधारा रोड रायपुर देहरादून द्वारा भी विकासनगर क्षेत्र में लगाये गये मोबाईल टावरों से उनकी कम्पनी की केबल को अज्ञात चोरों द्वारा काटकर चोरी करने के सम्बन्ध मे शिकायत दर्ज करायी गई। जिसके सम्बन्ध में कोतवाली विकासनगर पर तत्काल सम्बन्धित धाराओं में अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किये गये। घटना के अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली विकासनगर पर पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित टीम द्वारा घटना स्थलों के आस-पास तथा आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संदिग्धों के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की गयी, साथ ही सुरागरसी पतारसी करते हुए



मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, तथा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एटनबाग के पास से एक अभियुक्त को चोरी के माल एवं घटना में प्रयुक्त वाहन स्कूटी संख्या - यू0के0-16-बी-0939 के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से सख्ती से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपना नाम शक्ति सिंह बिरला पुत्र स्व0 राजकुमार बिरला बताया गया तथा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त नशे का आदी है तथा अपनी नशे की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये अभियुक्त द्वारा अपने एक अन्य नशेडी साथी के साथ उक्त चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। दोनो अभियुक्त घटना में चोरी किये गए तारो को किसी कबाडी को सस्ते दामों में बेचने की फिराक में थे। घटना में फरार अभियुक्त के अन्य साथी की तलाश की जा रही है।

01-शक्ति सिंह बिरला पुत्र श्री स्व0 श्री राजकुमार बिरला निवासी पहाडी बस्ती लाईन जीवनगढ, कोतवाली विकासनगर, देहरादून उम्र -28 वर्ष

01- दो कट्टे कॉपर की तार रेक्टिफायर मॉड्यूल (कीमत करीबः 50000/- रुपये )

02- घटना में प्रयुक्त कटर, चाकू

03- घटना में प्रयुक्त वाहन स्कूटी संख्याः यू0के0-16-बी-0939

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने परिवार को समय दिया

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

और उनके साथ मसूरी में ट्रेकिंग की। सीएम धामी ने कहा कि यह ट्रेक न केवल साहसिक गतिविधियों का हिस्सा है बल्कि इस यात्रा के दौरान प्रकृति की अद्भुत सुंदरता शुद्ध हवा और शांत वातावरण का भी अनुभव होता है।

परिवार के साथ चाय की चुस्कियों का आनंद लेते पुष्कर सिंह धामी। फोटो सीएम धामी की फेसबुल वॉल से

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हमेशा अलग अंदाज में नजर आते हैं। रविवार को वह नए अंदाज में नजर आए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने परिवार के साथ मसूरी में ट्रेकिंग की। इस दौरान उनके साथ पत्नी गीता धामी व दोनों बच्चे भी थी।वे शहंशाही आश्रम से पैदल ओल्ड राजपुर रोड होते हुए झड़ीपानी पहुंचे। रास्ते में उन्होंने चाय की चुस्की ली और स्थानीय लोगों और पर्यटकों से बातचीत की। सीएम धामी ने कहा कि यह ट्रेक न केवल साहसिक गतिविधियों का हिस्सा है, बल्कि इस यात्रा के दौरान प्रकृति की अद्भुत सुंदरता, शुद्ध हवा और शांत वातावरण का भी अनुभव होता है।



यहां उन्होंने चाय की चुस्की के साथ खूबसूरत वादियों का भी दीदार किया। सीएम सुबह पत्नी और बच्चों के साथ मसूरी रोड पर ट्रेकिंग के लिए निकले। इस दौरान लोग उन्हें देखकर हैरान रह गए। ट्रैकरों के लिए उत्तराखंड में खास सौगात, केदारकांठा के बर्फ से ढके पहाड़ और बांसुरी वाले बाबा देते हैं अनूठा एहसास

सीएम ने कहा कि यह ट्रेक न केवल साहसिक गतिविधियों का हिस्सा है, बल्कि इस यात्रा के दौरान प्रकृति की अद्भुत सुंदरता, शुद्ध हवा और शांत वातावरण का भी अनुभव होता है। उत्तराखंड में इस तरह के अनेक ट्रेक विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। शीतकालीन यात्रा के दौरान भी राज्य में आने वाले पर्यटक व स्थानीय लोग भी ट्रेकिंग का आनंद ले सकते हैं।

### चारधाम यात्रा प्राधिकरण के गठन को कवायद शुरू

देहरादूनः वहीं प्रदेश में चारधाम यात्रा के सुचारू संचालन के लिए चारधाम यात्रा प्राधिकरण के गठन को लेकर कवायद शुरू कर दी गई है। इस कड़ी में अपर मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन ने हितधारकों के साथ बैठक कर इस संबंध में चर्चा की और उनके सुझाव लिए।

सचिवालय में हुई बैठक में तीर्थपुरोहितों के विभिन्न संगठनों के साथ ही होटल एसोसिएशन,पंडा महापंचायतों के प्रतिनिधि व हितधारक शामिल हुए। इस दौरान चारधाम यात्रा के सफल और व्यवस्थित संचालन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में आवागमन की सुगम व्यवस्था, पंजीकरण, यात्रियों के लिए दर्शन की सहजता, पार्किंग, स्वच्छता और सुरक्षा आदि के संबंध में चर्चा हुई।

# नशे के खिलाफ उधमसिंह नगर पुलिस का प्रहार, 20 ग्राम स्मैक के साथ 4 नेपाली तस्कर गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली




उधमसिंह नगर नानकमत्ता उत्तराखंड के युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलने के साथ ही उत्तराखंड में बैठकर बाहरी लोगों को नशा बेच उत्तराखंड को नशे का गढ़ बनाने की नापाक कोशिश के खिलाफ उधमसिंह नगर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। जिस क्रम में नानकमत्ता पुलिस द्वारा कल शनिवार को क्षेत्र के बिजली कॉलोनी में स्थित एक घर से बड़े स्तर पर स्मैक को नेपाल तस्करी करने के मामले को उजागर करते हुए स्मैक को खरीद नेपाल तस्करी कर ले जा रहे 4 नेपाली मूल के तस्करो को 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आगामी नगर निकाय चुनावों के दृष्टिगत चेकिंग अभियान में तेजी के चलते उधमसिंह नगर पुलिस द्वारा गश्ती, पैदल भ्रमण सहित पेट्रोलिंग के जरिये जनपद की कड़ी चेकिंग की जा रही है। जिस दौरान कल शनिवार को नानकमत्ता पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के कस्बा क्षेत्र स्थित बाजार में पैदल गस्त कर रही थी, तभी टीम को सूचना प्राप्त हुई कि बिजली कॉलोनी में एक घर से स्मैक बेची जा रही है। सूचना में पुलिस को तस्करो के नेपाली मूल के होने की जानकारी हुई। सूत्र ने पुलिस को उक्त घर मे एक नेपाली नंबर की दोपहिया होने के साथ ही घर से स्मैक तस्करी कर नेपाल ले जाने की सूचना दी। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तुरंत उस घर मे छापेमारी करते हुए मौके से नेपाली मूल के 4 युवको को लगभग 20 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त (1)प्रकाश चंद्र पुत्र अर्जुन चंद्र निवासी-10 नया गांव जिला प्रहरी कार्यालय जीपरका कंचनपुर अंचल कंचनपुर नेपाल ,(2)राकेश बिष्ट पुत्र गणेश बहादुर बिष्ट निवासी-गांव वेदकोट नगर पालिका आठभासी अंचल कंचनपुर नेपाल, (3)विशल बोहरा पुत्र गगन सिंह बोहरा निवासी- गोबरिया 18 पुलिस थाना जेपारका डिस्ट्रिक्ट कंचनपुर महेन्द्र नगर नेपाल, (4)सौरव नेगी पुत्र रन बहादुर निवासी-गोबरिया 18 पुलिस थाना जेपारका डिस्ट्रिक्ट कंचनपुर महेन्द्र नगर नेपाल है।गिरफ्तार अभियुक्तों ने बाताया कि वह स्मैक खरीदने के लिए इस घर पर आए थे। वह पहले भी इस घर से भी कई बार स्मैक खरीद कर नेपाल ले जा चुके हैं। पकड़े गए युवक खुद भी नशेड़ी है और नेपाल में भी लोगो स्मैक बेचा करते थे।पुलिस टीम द्वारा घर के अंदर छापेमारी करने पर घर के सभी लोग मौके से फरार मिले।

सभी अभियुक्तो के खिलाफ नानकमत्ता थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है व उनके दो नेपाली नंबर के दोपहिया को भी सीज किया गया है। पुलिस टीम द्वारा फरार नशा तस्करो की तलाश की जा रही है।

## महिला तथा बाल अपराधों के प्रति गंभीर दून पुलिस

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

वसंत विहार नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे।नाबालिक अपहर्ता को सकुशल बरामद कर किया परिजनो के सुपुर्द।

थाना बसन्त विहार पर वादी निवासी बसन्त विहार द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी नाबालिक बहन को एक अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है, प्रार्थना पत्र के आधार पर धारा 137 (2) बीएनएस बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया। नाबालिग की बरामदगी तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये। जिसके अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आस-पास तथा आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेजों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संदिग्ध के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की । सुरागरसी पतारसी करते हुए सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त संदिग्ध की फुटेज से अवगत कराते हुए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रानिक सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन तथा सोशल मीडिया की सहायता से भी अपहर्ता की बरामदगी के प्रयास किये गये ।पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के




परिणाम स्वरूप मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर अपहर्ता को पंजाबी बाग जे.जे कॉलोनी वेस्ट दिल्ली से बरामद कर अभियुक्त सुमित पुत्र रामू निवासी मच्छी तालाब वसंत विहार देहरादून उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। सुमित पुत्र रामू निवासी मच्छी तालाब थाना बसंत विहार देहरादून उम्र 22 वर्ष

## वाहन की चपेट में आने से महिला घायल, हालत गंभीर

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



**चम्पावत:** लोहाघाट के सेरीगैर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला अज्ञात कारणों के चलते गंभीर रूप से घायल हो गई. महिला के सर पर गंभीर चोट आई है. जिसके बाद महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

हादसा रविवार का बताया जा रहा है. महिला की पहचान पार्वती देवी (40) पत्नी सुभाष सिंह के रूप में हुई है. एक अज्ञात टैक्सी चालक को महिला सड़क पर बेसुध हालत में मिली. जिसके बाद उसने महिला को लोहाघाट के उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया. चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है. बताया जा रहा है महिला के सर पर गंभीर चोट है. इसके साथ ही उसके कान से खून बह रहा था.

सूचना पर महिला के परिजन भी अस्पताल में पहुँच गए हैं. बताया जा रहा है महिला सुबह अपने पैतृक गांव मंगोली जाने के लिए घर से निकली थी. अब महिला कैसे घायल हुई. पुलिस इस बात की जानकारी जुटा रही है. संभावना जताई जा रही है कि महिला किसी वाहन की चपेट में आई है. हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है

## अपने अफसर से मिलने के लिए दफ्तर पहुंचे थानाध्यक्षों पर भड़के कवरेज राजीव स्वरूप, जमकर लगाई क्लास



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

उत्तराखंड के गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ने कुछ थानाध्यक्षों को उनके कर्तव्यों की अनदेखी करने पर जमकर फटकार लगाई है। आईजी ने निर्देश दिया है कि कोई भी थानाध्यक्ष बिना किसी जरूरी काम के रेंज कार्यालय न पहुंचे। यदि कोई जरूरी काम है तो एसएसपी से अनुमति लेकर ही रेंज कार्यालय पहुंचे। बिना कार्य के रेंज कार्यालय पहुंचने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र से मिलने पहुंचे कुछ थानाध्यक्षों पर आईजी बुरी तरह से भड़क गए। उन्होंने तत्काल अपने क्षेत्र में पहुंचकर पुलिसिंग पर जोर देने और पीड़ितों की शिकायत दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी थानाध्यक्ष बिना जरूरी काम के रेंज कार्यालय न पहुंचे। यदि कोई जरूरी काम हो तो एसएसपी से अनुमति लेकर ही रेंज कार्यालय पहुंचे। बिना कार्य के रेंज कार्यालय पहुंचने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

कुछ थानाध्यक्ष शुक्रवार को आईजी रेंज राजीव स्वरूप से मिलने पहुंचे। इस दौरान वह हरिद्वार से आए कुछ लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। जब वह बाहर निकले तो देखा कि वहां कुछ थानाध्यक्ष बैठे हुए थे।

### कार्यालय आने का कारण पूछा तो बताया, मिलने के लिए आए हैं

आइजी ने उन्हें कार्यालय पहुंचने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि वह मिलने के लिए आए हैं। इस बात पर आइजी भड़क गए और कहा कि यहां आने के बजाए उन्हें अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। क्षेत्र में पीड़ित थानाध्यक्ष से मिलने के लिए भटकते रहते हैं, जबकि थानाध्यक्ष यहां वहां घूमते रहते हैं

### एसओ बिना जरूरी काम के न मिलने आएं

इस दौरान आइजी ने अपने स्टाफ को निर्देश दिए कि कोई भी एसओ बिना जरूरी काम के मिलने न आएं। यदि किसी थानाध्यक्ष का जरूरी काम है तो वह पहले एसएसपी से अनुमति लेकर आएगी। बिना जरूरी काम के मिलने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्षों पर निर्देशित किया जाए कि नशे के कारोबार से जुड़े तस्करों पर गंभीरता से कार्रवाई करें। महिला व बाल अपराध को गंभीरता से लिया जाए और थाने में आने वाले पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करें।

# देहरादून में जहां नगर निगम चुनाव का बिगुल बज चुका है तो वहीं निर्वाचन आयोग बेखबर अपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित को टिकट

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली



कांग्रेस बीजेपी ने नगरीय निकाय चुनाव में पार्षदों के जो टिकट बांटे थे उनमें से कुछ के वापस लेने पड़े. राजधानी जैसी बड़ी जगह में भी दो ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दे दिया गया जिनका गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड था. पार्षद पद के वार्ड और के उम्मीदवार बदल दिए थे. वार्ड से सट्टा चलाने के आरोपी को पहले टिकट दे दिया गया. बाद में काट दिया गया. जबकि कुछ वार्ड से कई निर्दलीय नेता प्रत्याशी अपना अपना भू माफिया का सक्रिय गैंग भी चलाते हैं। उम्मीदवार बनाए गए दोनों प्रत्याशियों के खिलाफ पुख्ता शिकायत मिली थी लिहाजा उनके टिकट काट दिए गए. लेकिन सवाल ये था कि आखिर इन दावेदारों को टिकट किसकी सिफारिश पर दिए गए. सूत्रों की मानें तो एक दावेदार की पैरवी तो मंत्री स्तर से हुई थी.

देहरादून. नगरीय निकाय चुनाव में टिकट वितरण में हुई किरकिरी के बाद पार्टी ने अब एक्शन शुरू कर दिया है. इस मामले में रिपोर्ट तलब की गई है कि आखिर आपराधिक प्रवृति वाले उम्मीदवारों को टिकट वितरण हुआ कैसे ? हालांकि किसी भी बड़ी पार्टी ने इस बारे में कोई खुलकर बोलने के लिए तैयार नहीं है लेकिन सूत्रों की मानें तो संगठन ने पूरे प्रदेश से उन नेताओं की सूची तलब की है जिनकी सिफारिश के आधार पर टिकट का बंटवारा हुआ है. के लिए सबसे बड़ी मुश्किल इस बात को लेकर है कि टिकट कुछ ऐसे उम्मीदवारों को भी दे दिए गए जो जुए सट्टे जैसे गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त थे. फिर किरकिरी के बाद उन दावेदारों के टिकट वापस लेने पड़े. ऐसे में अब संगठन ने ये तय किया है कि उन नेताओं की सूची मंगाई जाए जिनकी सिफारिश के आधार पर आपराधिक प्रवृत्ति वाले नेताओं को टिकट बांटे गए थे. पार्टी के इस एक्शन के बाद संगठन में हलचल तेज है.

### दागियों को टिकट

पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव में पार्षदों के जो टिकट बांटे थे उनमें से कुछ के वापस लेने पड़े. राजधानी जैसी बड़ी जगह में भी दो ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दे दिया गया। लेकिन कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों का वह उनके करीबियों पर दर्जन भर गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड भी है।

जबकि टिकट देने से पहले निर्वाचन आयोग ने अपनी शक्ति भी दिखाई कि अपराधी गतिविधियों में किसी का भी कोई रिश्तेदार तक अगर पाया जाता है तो उसको चुनाव नहीं लड़ने दिया जाएगा लेकिन क्या कुछ उम्मीदवारों पर थाने चौकिया से लेकर निर्वाचन आयोग की नजरे भी हट गई

उम्मीदवार बनाए गए प्रत्याशियों के खिलाफ शिकायत मिली थी लिहाजा उनके टिकट काट दिए गए. लेकिन सवाल ये था कि आखिर इन दावेदारों को टिकट किसकी सिफारिश पर दिए गए. सूत्रों की मानें तो एक दावेदार की पैरवी तो मंत्री स्तर से हुई थी.

### मेयर की जाति से मतलब नहीं, बस शहर का विकास होना चाहिए'

हालांकि इस मामले में अब सियासत शुरू हो गई है.जनता का कहना है आपराधिक लोगों को टिकट देने के लिए जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है. जहां तक बात रिपोर्ट तलब करने की है तो पार्टी में कोई भी फैसला सामूहिक तौर पर लिया जाता है. किसी की सिफारिश पर टिकट नहीं दिए जाते आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को बढ़ावा देती है. यही वजह है कि ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिया गया. मीडिया रिपोर्ट के बाद मजबूरी में सबके टिकट काटने पड़े. लेकिन सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि कई वार्डों में अपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नगर निगम का चुनाव लड़ने का मौका कैसे मिल रहा है वहीं जहां कई तो गैंग बनाकर भू माफिया की तर्ज पर लोगों की जमीनों पर कब्जे करते हैं

## रोहित की तरह दो दशक पहले गांगुली भी मैच से हटे थे

**सिडनी ,एजेंसी।**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर बैठने से साल 2004 याद आ गया। उस समय भी कप्तान रहे सौरव गांगुली ने पिच देखने के बाद खेलने से मना कर दिया था। गांगुली ने जहां फिटनेस के आधार पर वहीं रोहित ने खराब फार्म के नाम पर टीम से बाहर बैठने का फैसला किया था। इससे साफ है कि दोनो को पिच देखकर समझ आ गया था कि यहां सफल होना उनके लिए कठिन है। रोहित ने इस प्रकार दिखाया कि टीम के केवल उनके कारण ही नहीं हार रही थी बल्कि इसके पीछे सभी की विफलता थी। इसके अलावा वह एक और असफल टेस्ट

अपने रिकॉर्ड में नहीं जोड़ना चाहते थे। अंतिम मैच में भारतीय पहली पारी 185 और दूसरी पारी 157 रन ही बना पायी।

वहीं दो दशक पहले साल 2004 में नागपुर में भारतीय टीम तीसरा टेस्ट खेलने पहुंची थी। तब सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे थी। नागपुर पहुंचते ही जब भारतीय टीम अभ्यास के लिए मैदान पर पहुंची तो पिच पर हरियाली देखकर कप्तान रहे गांगुली भड़क गये। इसके बाइ भारतीय बोर्ड ने पिच को लेकर नाराजगी जतायी लेकर उसे बदला नहीं जा सका। इसके बाद गांगुली ने हैमस्ट्रिंग इंजरी को कारण बताते हुए मैच खेलने से इंकार कर दिया। उस समय भी भारतीय टीम मैच तीन दिन में हार गई।

ऐसे में जिस प्रकार तब गांगुली का फिटनेस की वजह से बाहर मैच ना खेलना हमेशा सवालों के घेरे में रहा वैसे ही रोहित का भी फॉर्म के नाम पर बाहर रहना सवालों के घेरे में रहा। ये भी कहा जाता है कि कार्यवाहक कप्तान अधिक प्रभावी नहीं होता, इसलिए कप्तान चाहे फार्म में न भी रहे उसे खेलना ही चाहिये।

### ये मेरी या आपकी नहीं बल्कि देश की टीम : गंभीर

**सिडनी,एजेंसी।**

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम ऑस्ट्रेलिया ने खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मिली हार पर निराशा जतायी है। मेजबान टीम ने सीरीज 3-1 से जीतकर एक दशक के बाद इस ट्रॉफी पर कब्जा किया है। इसे को लेकर जब कोच गौतम गंभीर से कहा गया कि आपकी टीम हार गयी तो वे बोले कि ये मेरी या आपकी नहीं बल्कि भारतीय टीम है। गंभीर ने मीडिया से कहा, देखिए ये ना मेरी टीम है और ना आपकी टीम है. ये हमारे देश की टीम है। इस टीम को आगे लेकर जाना ही हमारा एक मात्र लक्ष्य है। भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी ईमानदार हैं और मैं अपने को खुशकिस्मत मानता हूं जो ऐसी टीम के साथ काम कर रहा हूं। खिलाड़ियों को पता है कि उनके अंदर जीत की कितनी भूख है और इससे टीम को कितना लाभ पहुंचने वाला है। वे भी टीम की भलाई के लिए कम करने हमेशा तैयार रहते हैं। कोच के तौर पर मेरा काम सबके साथ एक जैसा बर्ताव करना है। अगर मैं किसी एक दो खिलाड़ी के साथ अच्छा व्यवहार करता हूं और अन्य के साथ अलग तरह से व्यवहार करता हूं तो यह मेरे काम के साथ न्याय नहीं होगा। कोच के तौर पर मेरा काम हर एक खिलाड़ी चाहे वो नया हो या सीनियर या फिर वो जिसने अब तक भारत के लिए नहीं खेला के साथ समाना व्यवहार करना रहेगा। भारतीय टीम सीरीज के पहले मैच को छोड़कर अन्य सभी मैचों में बड़ा स्कोर बनाने में विफल रही।

# ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां टेस्ट छह विकेट से जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा किया

## डब्लयूटीसी फाइनल के खिताबी मुकाबले में भी पहुंची, भारतीय टीम बाहर हुई

**सिडनी,एजेंसी।**

ऑस्ट्रेलिया ने यहां पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 6 विकेट से हराकर पांच मैचों की बॉडर गावस्कर सीरीज 3-1 से जीत ली है। एक दशक बाद मेजबान टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने में सफल हुई है। इसी के साथ ही जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025 के खिताबी मुकाबले में पहुंच गयी है। वहीं भारतीय टीम बाहर हो गयी है। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा के बाहर रहने पर जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम एक बार फिर बल्लेबाजी में विफल रहने के कारण मैच हार गयी। मैच के तीसरे ही दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत के लिए मिले 162 रनों के लक्ष्य को चार विकेट के



नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी एक दशक के बाद 3-1 से जीतते हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिनप के लिए क्वालीफाई किया है। अब वह लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर 11 जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्लयूटीसी फाइनल में उतरेगी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने बुमराह के कमर दर्द के कारण बाहर होने पर 3 विकेट लिए पर वह मेजबान टीम को रोक नहीं पाये। 162 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में ट्रेविस हेड ने 38 गेंदों में 4 चौके के बल पर नाबाद 34 रन बनाये जबकि ब्यू वेबस्टर ने 34 गेंदों में 6 चौके लगाकर नाबाद 39 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया भारतीय गेंदबाजों ने सुबह के सत्र में तीन विकेट लिए पर छोटे लक्ष्य का बचाव वह नहीं कर पाये। मोहम्मद सिराज ने लगातार पैड पर गेंदबाजी की जिससे मेजबान टीम ने आसानी से रन बनाए। सेम कोंस्टास ने तेजी से रन बनाये पर कृष्णा की गेंद पर मिड ऑफ पर वाशिंगटन सुंदर के हाथों कैच हुए। कृष्णा ने इसके बाद अपनी लाइन और लेंथ से लाबुशेन को परेशान किया। को आसान कैच थमाया। स्मिथ को कृष्णा की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने कैच किया। इस तरह से कृष्णा ने सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास 22, मार्नस लाबुशेन 06 और स्टीव स्मिथ 04 को पेवेलियन भेज दिया पर बुमराह के नहीं होने से भारतीय टीम को नुकसान हुआ। नीतीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर ज्यादा प्रभावी नहीं रहे। भारत इससे पहले 2014 में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी हारी थी। उसके बाद से लगातार उसने 4 बार सीरीज अपने नाम की, जिसमें से दो बार ऑस्ट्रेलियाई मैदान पर उसने इतिहास रचा था।

वहीं इससे पहले स्कॉट बोलैंड ने छह विकेट और कप्तान पैट कमिंस ने 44 रन पर तीन विकेट लेकर दूसरी पारी में भारतीय टीम को 39.5 ओवर में केवल 157 रन पर ही समेट दिया। केवल ऋषभ पंत ही 61 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ही 22 रन बना पाये अन्य बल्लेबाज विफल रहे। भारतीय टीम ने पहले पारी में 185 जबकि दूसरी पारी में 157 रन बनाये वहीं मेजबान टीम ने 181 और चार विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## साइम अयूब की टखने की चोट, चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने की आशंका

**कराची,एजेंसी।**

पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज साइम अयूब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट मैच में टखने की चोट के कारण छह सप्ताह के लिए क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। इस चोट के कारण उन्हें आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने का खतरा हो सकता है। साइम ने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय अपने दाहिने टखने में चोट लगा ली थी, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस चोट की पुष्टि की और बताया कि साइम का एमआरआई और अन्य परीक्षण किए गए हैं। चिकित्सकों ने उन्हें छह सप्ताह के आराम की सलाह दी है, जिसके कारण वह फरवरी में होने वाली क्रिकेट



श्रृंखलाओं में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। यह चोट साइम के लिए काफी दुखदायी साबित हो सकती है, क्योंकि उनके शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें आगामी टूनामेंट्स में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद थी।

पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि साइम के दाहिने टखने में फ्रैक्चर पाया गया है, जो ठीक होने में कम से कम छह सप्ताह का समय लेगा। इस चोट के कारण वह आगामी त्रिकोणीय सीरीज में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे, जिसमें पाकिस्तान को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड से भिड़ना है। इसके अलावा, वह वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भी हिस्सा नहीं ले सकेंगे। साइम अयूब की चोट के कारण पाकिस्तान क्रिकेट टीम में कुछ बदलाव हो सकते हैं। टेस्ट टीम में सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक और वनडे टीम में फखर जमां की वापसी हो सकती है। बाएं हाथ के इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने करियर की शुरूआत से ही प्रभावित किया है और ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। इन दौरों पर उन्होंने तीन शतक भी लगाए थे। साइम की चोट से पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है, और अब टीम को उनकी कमी खलेगी। अब यह देखना होगा कि साइम की अनुपस्थिति में पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपनी तैयारियों को कैसे पूरा करती है और आगामी प्रतियोगिताओं में किस तरह का प्रदर्शन करती है।

### टीम इंडिया का कप्तान बनना आसान नहीं, सम्मान और दबाव झेलने पड़ते हैं : रोहित

**मेलबर्न,एजेंसी।**

सिडनी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे 5वें टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। उनकी जगह जसप्रीत बुमराह टीम की कमान संभाल रहे हैं। रोहित शर्मा ने टीम में शामिल नए खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण संदेश दिया और बुमराह की कप्तानी की जमकर तारीफ की। रोहित ने नए खिलाड़ियों के नेतृत्व क्षमता को लेकर कहा कि टीम इंडिया का कप्तान बनना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी हर किसी को थाली में परोसकर नहीं मिलती है। इसे कमाना पड़ता है। यह सम्मान और दबाव दोनों के साथ आता है। नए खिलाड़ियों को स्थान के महत्व को पहचानना होगा।

बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में रोहित शर्मा की बल्लेबाजी फॉर्म पर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा कि खराब फॉर्म और आलोचना का सामना करना खेल का हिस्सा है। कप्तानी को लेकर उन्होंने कहा कि नेतृत्व में हर दिन अच्छा नहीं हो सकता, लेकिन विचारधारा और मानसिकता को स्थिर रखना जरूरी है। परिणाम भले न आएं लेकिन नेतृत्व के अपने तरीके और दृष्टिकोण को बदलने का कोई कारण नहीं है। बुमराह की कप्तानी को लेकर रोहित ने तारीफ की। उन्होंने कहा कि बुमराह खेल के प्रति गहरी समझ रखते हैं। वह दूसरों के लिए अपनी गेंदबाजी से उदाहरण पेश करते हैं। मैंने उन्हें 2013 में पहली बार देखा था और तब से उनके खेल और सोच में काफी विकास हुआ है। जिस तरह वह गेंदबाजी करते हैं, वह पूरी दुनिया देख रही है। उनके पास टीम को आगे रखने की बेहतरीन क्षमता है।

## जल्दी ही मां बनने वाली हैं आथिया शेट्टी



**मुंबई ,एजेंसी।**

बालीवुड अभिनेत्री और क्रिकेटर केएल राहुल की पत्नी आथिया शेट्टी जल्दी ही मां बनने वाली हैं। इंस्टाग्राम के जरिए आथिया शेट्टी ने अपने नए सफर के खूबसूरत पल साझा किए। एक्ट्रेस पति केएल राहुल के साथ बैठी, उनकी बांहों में बांहें डालकर आगे बढ़ती दिखीं।

तीसरी तस्वीर एक कोट की थी जिसमें जिंदगी का फलसफा लिखा था। अंग्रेजी में लिखे कोट का मजमून है- जिंदगी की रफ्तार को थोड़ा धीमा करें, ठहरें दूसरों ने आप पर जो आशीर्वाद बरसाया है उस बारे में सोचें, दिल की सुनें फिर नई शुरूआत में विश्वास रखें। इन तस्वीरों के साथ लिखा, 2025 मैं बड़ी हसरतों के साथ तुम्हारी ओर देख रही हूं। आथिया शेट्टी इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में हैं। यहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही है। आथिया चौथा टेस्ट मैच देखने स्टेडियम पहुंची थीं। आथिया ने पिछले साल नवंबर में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। केएल राहुल और आथिया शेट्टी ने एक भावुक पोस्ट के जरिए अपने पहले बच्चे को लेकर खुशखबरी साझा की थी। जनवरी 2023 में सुनील शेट्टी के खंडाला फार्म हाउस में करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में दोनों ने शादी की थी। कथित तौर पर दोनों की मुलाकात 2019 में एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। आथिया शेट्टी ने 2015 में सूरज पंचोली के साथ फिल्म ह्नहीरोह्न से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में दोनों के बीच गजब की केमिस्ट्री दिखाई दी थी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म खास नहीं कर पाई थी। आथिया अनिल कपूर और अर्जुन कपूर की सहकलाकार मुबारकां और मोतीचूर चकनाचूर जैसी फिल्मों में भी दिखाई दी हैं।

### पलक और इब्राहिम अली को लेकर अफवाहें गर्म

**मुंबई ,एजेंसी।**

एक बार फिर अपने कथित रिश्ते को लेकर बॉलीवुड के चर्चित रूमर्ड कपल, पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान सुर्खियों में हैं। इस कपल को मुंबई एयरपोर्ट पर एक साथ देखा गया, जिससे अफवाहों का बाजार फिर गर्म हो गया।

बताया जा रहा है कि दोनों गोवा में न्यू ईयर की छुट्टियां मनाकर लौटे हैं। इब्राहिम ने ब्लैक हुडी, लोअर और व्हाइट शूज पहन रखे थे, साथ ही उन्होंने सनग्लासेस लगाए हुए थे। वहीं, पलक ब्लैक शर्ट और डेनिम लुक में नजर आईं। दोनों के आउटफिट्स को देखकर ऐसा लग रहा था कि वे ट्विनिंग कर रहे हैं।

## मेरा रोल वैसा नहीं था जैसा मुझसे वादा किया था: खुशबू



**मुंबई,एजेंसी।**

तमिल सिनेमा की ह्यअन्नाथेह्न में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने अब इस फिल्म में अपनी भूमिका को लेकर अफसोस जताया है। खुशबू ने स्वीकार किया कि उनका रोल वैसी नहीं थी जैसा उनसे वादा किया गया था।

खुशबू ने बताया, ह्यफिल्म में मेरा और मीनाजी का किरदार यह सोचकर लिया गया था कि हम दोनों मुख्य अभिनेत्रियों के रूप में होंगी। मुझे विश्वास दिलाया गया था कि रजनी सर के साथ कोई और हीरोइन नहीं होगी लेकिन जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ी, कहानी में बदलाव किए गए और मेरा किरदार एक कॉमेडी रूप में बदल गया। फिल्म के डबिंग के दौरान जब मैंने इसे देखा, तो मुझे काफी निराशा हुई ह्न खुशबू ने बताया कि शुरूआत में मीनाजी और उनके लिए रजनीकांत के साथ अलग-अलग गाने तय किए गए थे लेकिन बाद में नयनतारा को रजनीकांत की प्रेमिका के रूप में शामिल किया गया। इससे खुशबू और मीनाजी का किरदार पीछे छूट गया।

जब उनसे पूछा गया कि क्या यह बदलाव रजनीकांत के सुझाव पर हुआ था, तो खुशबू ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ह्नरजनी सर ऐसे व्यक्ति नहीं हैं। मैंने उन्हें सालों से जाना है। मुझे नहीं पता कि यह बदलाव किसने किया, फैंस की मांग थी या निर्देशक-निमार्ता की योजना ह्न अभिनेत्री का अनुभव और भविष्य खुशबू ने यह भी साझा किया कि उनकी हिंदी फिल्मों की सूची छोटी है, इसलिए उन्हें वहां कोई पछतावा नहीं है लेकिन दक्षिण भारतीय फिल्मों में, खासकर हाल की परियोजनाओं में, उन्होंने कुछ फिल्में चुनने पर पछतावा किया। यह घटना फिल्म इंडस्ट्री के उस पक्ष को भी दिखाती है, जहां कलाकारों को उनकी भूमिकाओं के बारे में शुरूआती वादे और वास्तविकता के बीच अंतर का सामना करना पड़ता है। खुशबू ने अपने अनुभव से यह भी बताया कि कभी-कभी निर्देशक या निमार्ता की प्राथमिकताओं के कारण कहानी और किरदारों में बदलाव किया जाता है, जो एक्टर के लिए निराशाजनक हो सकता है। यह स्थिति न केवल उनके करियर पर असर डालती है, बल्कि उनके दर्शकों के साथ जुड़ाव को भी प्रभावित करती है। बता दें कि तमिल सिनेमा के प्रसिद्ध निर्देशक शिवा ने अजीत कुमार के साथ ह्यवीरमह्न (2014), ह्यवेदलमह्न (2015), विवेगम (2017), और विश्वासम(2019) जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं।

# विदेशी जमीन पर काम को नया आयाम दे रही तमन्ना

**मुंबई ,एजेंसी।**

नए साल की शुरूआत बालीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने व्यस्त शेड्यूल के साथ की। तमन्ना भारत में नहीं बल्कि विदेशी जमीन पर अपने काम को नया आयाम दे रही हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी झलक उन्होंने दिखाई। एक्ट्रेस ने व्यस्त शेड्यूल को दशार्ती तस्वीरें और वीडियो पोस्ट शेयर की।

इसमें वो एक कार में बैठी हैं और डलास (टेक्सास) का लोकेशन टैग किया है। वीडियो में वह अपनी टीम के साथ हैं। बुधवार को, तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर अपने माता-पिता के साथ अपने वर्चुअल न्यू ईयर सेलिब्रेशन की एक झलक शेयर की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर



अपने वीडियो कॉल सेशन की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने हार्ट इमोजी के साथ हैप्पी न्यू ईयर लिखा था। अभिनेत्री ने अपनी कार से एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें वह क्लिप रिकॉर्ड करते समय मुस्कान बिखेरती हुई दिखाई दे रही थीं। कुछ दिन पहले ही तमन्ना ने अपने प्रशंसकों को इंस्टाग्राम पर अपने जन्मदिन के जश्न की झलकियां दिखाई थीं। कैंडिड शॉट्स में से एक में तमन्ना, बॉयफ्रेंड विजय वर्मा और उनके दोस्त एक साथ मजेदार वीडियो गेम का आनंद लेते हुए नजर आए।

वर्क फ्रंट की बात करें तो तमन्ना भाटिया हाल ही में नेटफ्लिक्स थ्रिलर-एक्शन फिल्म ह्नसिकंदर का मुकद्दरह्न में नजर आईं। इस सीरीज में उन्होंने कामिनी सिंह का किरदार निभाया। यह सीरीज एक हीरे की चोरी पर केंद्रित है। अभिनेत्री ने फिल्म ह्नस्त्री 2ह्न में भी एक छोटी सी भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्होंने विशेष रूप से ह्नआज की रातह्न गीत में अपने प्रदर्शन से ध्यान आकर्षित किया था।


## विशेष सूचना

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

**समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।**

**सारिका**
डेक्स एडिटर
7500992656

---

**नाथीराम कश्यप**
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095

---------

**शादाब अली**
देहरादून
मो. 9897139325

-----

**शमशाद अहमद**
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

**अमित कुमार मंगोलिया**
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा


स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार